आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 154, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 2

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 14


## 31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

### 1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

## आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

### पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव



1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

### महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान



मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

### वाहन खरीदना होगा महंगा



टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

### क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

### 3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

## एक नजर

### एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। आतंकवादियों ने नौ जून की शाम रियासी जिले के पौनी इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही यात्रियों की एक बस पर गोलीबारी की थी, जिससे बस पास एक खाई में गिर गई थी और एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी।

### बिभव कुमार की याचिका पर आज आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उसने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने 31 मई को कुमार के अधिवक्ता और दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद उनकी याचिका की विचारणीयता पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

## ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और



- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

### आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

### बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

| जुर्म | आईपीसी | भारतीय न्याय संहिता |
|---|---|---|
| देशद्रोह | धारा 124 | धारा 152 |
| गैर-कानूनी सभा | धारा 144 | धारा 189 |
| हत्या | धारा 302 | धारा 101 |
| हत्या का प्रयास | धारा 307 | धारा 109 |
| दुष्कर्म | धारा 376 | धारा 63 |
| मानहानि | धारा 399 | धारा 356 |
| ठगी | धारा 420 | धारा 316 |

### तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

| | पुराना | नया |
|---|---|---|
| | भारतीय दण्ड संहिता, 1860 | भारतीय न्याय संहिता, 2023 |
| कुल धाराएं | 511 | 356 |
| संशोधित धाराएं | | 175 |
| नई धाराएं | | 8 |
| निरस्त धाराएं | | 22 |

## हत्या मामले में एसएचओ व तीन सिपाही निलंबित

संवाददाता, हरदोई

- शनिवार रात एक बजे की घटना, गांव पहुंचे पुलिस अधीक्षक व उच्च अधिकारी

**अमृत विचार :** युवराज हत्याकांड की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि शनिवार रात एक बजे पाली के खेमपुर गांव में एक बार फिर रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई है। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। रिजवान नाम के युवक ने अमन नाम के युवक को गोली मारी है। उधर, स्थानीय पुलिस के लचर प्रणाली रवैया के चलते पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने थाना अध्यक्ष पाली अरविंद गिरी व तीन सिपाहियों को मामले में निलंबित कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 15 जून को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस प्रकरण में थाना अध्यक्ष व तीन सिपाहियों को दोषी मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया। बता दें कि शनिवार रात एक बजे पाली थाने के खेमपुर निवासी देवकुमार अपनी पत्नी दयावती, पुत्र अमन, पुत्री पूजा पत्नी राजवीर और दामाद राजवीर पुत्र विश्राम निवासी अल्लागंज शाहजहांपुर के साथ मकान की छत पर सोया हुआ था। उसी बीच हाथों में असलहे व लाठियां लिए रिजवान, इश्तियाक, रहमान पुत्र, अबरार अली, तौफीक व जावेद पुत्र अशरफ अली, अबरार अली पुत्र जुल्ला और रिज़वान पुत्र आशिक निवासी शाहाबाद ने धावा बोल दिया। झगड़े में रविवार सुबह अमन की मौत हो गई। इसका पता चलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे, वहां का माहौल भांप कर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई। उसके बाद एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा खेमपुर पहुंचे। उसके बाद खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाते हुए आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इससे पहले पिछली 30 मई को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में युवराज सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

## लोस चुनाव में लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दोहराया विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।



- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- चीयर 4 हैशटैग से बढ़ाएं ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह

### एक पेड़ मां के नाम पर

मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

## मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुर्गाशंकर मिश्र को नहीं मिला चौथा सेवा विस्तार



**अमृत विचार :** 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का पदभार संभाला



- मनोज पांडे का स्थान लिया, थलसेना के 30वें प्रमुख

**नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।

## केदारनाथ में फिर हिमस्खलन खाई में समाया बर्फ का गुबार

- चोराबाड़ी क्षेत्र की बर्फीली पहाड़ी पर आया था एवलांच

**देहरादून।** केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। हालांकि इससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर ऐसे हिमस्खलन (एवलांच) होते रहते हैं। केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्ख्लन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्ख्लन हुआ। यहां बर्फ अधिक गिरने पर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

हालांकि पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर सोचने की आवश्यकता है।



## महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों पर लगेंगे जैमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### एंटी ड्रोन जैमर की भी होगी खरीद, खर्च होंगे 74 करोड़ रुपये

- राम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगाने की चर्चा
- व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर की भी होगी खरीद

**अमृत विचार :** प्रदेश के विशिष्ट पदों पर विराजमान व्यक्तियों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सचिवालय भारत सरकार द्वारा की गई एक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों के क्रम में गृह विभाग ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 74 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति भी दे दी है। इसके लिए सरकार एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर, व्हीलक माउंटेड जैमर आदि लगवाने जा रही है। यह जैमर कहां और कब लगेंगे, विभाग ने अभी अधिकृत रूप से इसका खुलासा नहीं किया है। हालांकि अयोध्या स्थित राम मंदिर में एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर सिस्टम लगाने की चर्चा की जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में गृह विभाग ने 06 एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर खरीदने का फैसला किया है, जिसके लिए साढ़े 32 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से एक अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में लगेगा। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में भी एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर लगाने की चर्चा की जा रही है।

### 36 करोड़ में खरीदे जाएंगे व्हीकल माउंटेड जैमर

इसी तरह 08 व्हीकल माउंटेड जैमर भी खरीदे जाएंगे, जो इनोवा क्रिस्टा वाहन में फिट किए जाएंगे। यह जैमर महत्वपूर्ण स्थानों, वीवीआईपी की सुरक्षा में तो गतिशील रहेगा ही, साथ ही आगामी कुंभ मेला स्थल पर भी तैनात किया जाएगा। व्हीकल माउंटेड जैमर की खरीद के लिए 36 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है।

### वैगेज स्कैनर के लिए खर्च किए जाएंगे छह करोड़ रुपये

इसी तरह 10 व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर भी खरीदे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की संस्तुति की है। इसे भी संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों के साथ साथ वीवीआईपी के कार्यक्रमों में प्रवेश द्वार पर परीक्षण हेतु रखा जाएगा। गृह विभाग ने जारी की गई धनराशि के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को सूचित भी कर दिया है।

## बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

गिरिडीह, एजेंसी

- रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा
- गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण हो रहा है। शनिवार रात भारी बारिश से पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया है। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले को जोड़ेगा।

# टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

## जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की टीम ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया है। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी प्लेयर्स ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनो में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

**मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारतः** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

**गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शनः** इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

**अविस्मरणीय योगदानः रोहित शर्मा-** आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

**सूर्यकुमार यादवः** आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

**ऋषभ पंतः** पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

**टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्याः** उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**अक्षर पटेलः** सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

**शिवम दुबेः** अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।





विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

### मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़



ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

### विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट



नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

### रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

### सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।



### टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20 .36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरू होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93 .51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20 .36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10 .64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6 .54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3 .17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2 .05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1 .87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25 .89 लाख रुपये दिए गए है।

### जय शाह ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। शाह ने कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है और आज वे महान खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1 .4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।



लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

**-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी**



देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

**सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी**



विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

**-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान**



रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

**-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी**



आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

**-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी**



टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

**-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी**



विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

**-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी**

---

## एक नजर

### प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### टेस्ट श्रृंखला के लिए बेयरस्टो फोक्स और लीच को किया बाहर

लंदन। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

## मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब ताजा हैं।



आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

उन्होंने कहा साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

### गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11 .20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

## अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका



गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

### कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

### यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

## फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।



### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी:** 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट:** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी:** 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट:** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

**दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन): 232/2।** सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट:** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल-**amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**


स्व0 मुलायम सिंह यादव
युवा हृदय सम्राट पूर्व मुख्यमंत्री एवं
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष
मा0 श्री अखिलेश
यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
आप जियो हजारों साल
आनंद भदौरिया
सांसद धौरहरा
विनय तिवारी
पूर्व विधायक– गोला
शशांक यादव
पूर्व एमएलसी लखीमपुर खीरी
सुनील कुमार लाला
पूर्व विधायक विधानसभा कस्ता
अनुराग पटेल
पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी
रामसरन
पूर्व विधायक विधानसभा श्रीनगर
वरुण यशपाल चौधरी उर्फ नीलू चौधरी
पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धौरहरा
अशोक वर्मा
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका गोला
नरेश यादव
पूर्व जिला महासचिव
अनीता यादव पूर्व चेयरमैन मैलानी
रियाज उल्ला खान
जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी
फूल सिंह यादव
पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक गोला
राघवेन्द्र राजेश गौतम
जिलाध्यक्ष अंबेडकर वाहिनी लखीमपुर
अजय सिंह
पूर्व जिला उपाध्यक्ष लखीमपुर
हिमांशु पटेल
सपा नेता
सुपुत्र पूर्व विधायक स्व कृष्ण गोपाल पटेल
हम आपके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हैं

# समर ट्रेनों का संचालन थमा, यात्रियों का सफर होगा महंगा

## मैलानी पीलीभीत होकर तीन जोड़ी ट्रेनें होती थी संचालित, रविवार अंतिम बार हावड़ा से लालकुआं गई लखीमपुर से ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते मुसाफिर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मैलानी पीलीभीत रेलखंड का शुभारंभ समर स्पेशल साप्ताहिक ट्रेनों से हुआ था, जो रविवार को पूरी तरह से थम गया। यात्रियों को अब इन ट्रेनों का लाभ नहीं मिलेगा। इससे लखनऊ, लालकुआं, वाराणसी, हावड़ा, रामनगर आदि जाने के लिए अधिक जेब ढ़ीली करनी होगी।

मैलानी पीलीभीत रेल खंड पर 25 अप्रैल को ट्रेन संचालन का शुभारंभ समर स्पेशल ट्रेनों से हुआ। रेलवे ने पीलीभीत से मैलानी, गोला और लखीमपुर सीतापुर को जोड़ते हुए तीन जोड़ी साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन 25 अप्रैल से 29 जून तक शुरू किराया। इनमें से एक रामनगर से लखनऊ, दूसरी लालकुआं से हावड़ा और तीसरी लालकुआं से वाराणसी के बीच शुरू हुई। इसमें लालकुआं से हावड़ा और हावड़ा से लालकुआं को दस-दस ट्रिप, रामनगर से लखनऊ और लखनऊ से रामनगर को 20-20 एवं लालकुआं से वाराणसी व वाराणसी से लालकुआं को नौ- नौ ट्रिप पूरी करनी थी। निर्धारित ट्रिप पूरी करने के बाद पांच ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से थम गया है। जबकि हावड़ा से लालकुआं जाने वाले समर स्पेशल ट्रेन रविवार को अंतिम बार लखीमपुर होकर संचालित हुई।

**सिर्फ शाहगढ़ तक है एक पैसेंजर ट्रेन :** आमान परिवर्तन के लिए 30 मई 2018 को पीलीभीत-मैलानी रेलखंड पर मेगा ब्लॉक लिया गया था। मीटर गेज को ब्रॉडगेज कर और फिर रेलखंड का विद्युतीकरण करने के बाद नवंबर 2023 में डालीगंज से मैलानी होकर शाहगढ़ तक ट्रेन संचालन शुरू हुआ। जो अब तक जारी है। न तो इस ट्रेन का संचालन पीलीभीत तक बढ़ाया गया और न ही अन्य कोई ट्रेन चलाई गई। ऐसे में पीलीभीत तक जाने वाले मुसाफिर प्राइवेट एवं रोडवेज बसों से महंगा और कष्टकारी सफर करने के लिए मजबूर हैं।

### अंतिम दिन 13 घंटे लेट रही हावड़ा लालकुआं एक्सप्रेस

हावड़ा से लालकुआं जाने वाले समर स्पेशल ट्रेन रविवार को लखीमपुर 13 घंटे लेट पहुंची। यह ट्रेन अपने अंतिम ट्रिप पर 28 जून को हावड़ा से लालकुआं के लिए रवाना हुई। मगर, मौसम की वजह से यह ट्रेन लेट होती गई। रविवार सुबह 06 :10 मिनट की बजाय यह ट्रेन शाम 07 :41 मिनट पर करीब 13 घंटे की देरी से लखीमपुर पहुंची।

### मैलानी पीलीभीत के बीच ट्रेन संचालन फिर बंद

पांच साल 11 माह बाद मैलानी पीलीभीत से सीतापुर के बीच ट्रेन संचालन शुरू होने से यात्रियों के चेहरे खिल उठे थे। हालांकि यह खुशी सिर्फ दो माह के लिए थी, लेकिन यात्री फिर भी खुश थे। मुसाफिरों को उम्मीद थी कि इन दिनों में लखनऊ से बरेली को जोड़ते हुए ट्रेनें रफ्तार भरेगीं। इस दौरान रेलवे की ओर से एक भी दैनिक ट्रेन का संचालन शुरू करने से यात्री निराश होकर रह गए। इस बीच समर स्पेशल ट्रेनों के ट्रिप पूरे होते ही इनका संचालन भी बंद हो गया। इससे सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी और पीलीभीत के बीच एक बार फिर कनेक्टिविटी बंद हो गई।

### इन ट्रेनों का हो रहा था संचालन

1. लालकुआं से हावड़ा – 25 अप्रैल से 27 जून तक
2. हावड़ा से लालकुआं – 26 अप्रैल से 28 जून तक
3. रामनगर से लखनऊ– 26 अप्रैल से 29 जून तक
4. लखनऊ से रामनगर– 26 अप्रैल से 29 जून तक
5. लालकुआं से वाराणसी– 29 अप्रैल से 24 जून तक
6. वाराणसी से लखनऊ– 30 अप्रैल से 25 जून तक

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने बाढ़ खंड की परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**संवाददाता, धौरहरा। अमृत विचार :** नवागत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बाढ़ व कटान के रोकथाम के लिए चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया और मातहतों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। रविवार को एसडीएम राजेश कुमार ईसानगर ब्लॉक के बाढ़ कटान प्रभावित गांव कैरातीपुरवा, हटवा और सरैया कलां पहुंचे, जहां सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ रोकने के लिए कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक अभियंता बाढ़ खंड बी डी गौतम और अभियंता एचआर वर्मा भी मौजूद रहे। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि बाढ़ कटान के लिहाज से कैरातीपुरवा हटवा, सरैया कलां सहित 18 अति संवेदनशील गांव हैं। यहां हमारी राजस्व टीम निगरानी कर रही है। बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए बाढ़ खंड को निर्देशित किया गया है।

### मारपीट में एक महिला समेत चार के नामजद रिपोर्ट

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक महिला समेत चार लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिंतापुरवा निवासी पुष्पेंद्र पुत्र संजीव कुमार उर्फ चौकीदार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 27 जून को गांव निवासी बलराम पुत्र मैकू, शिवम, अमन पुत्र बलराम उसकी पत्नी तारावती खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने महिला समेत चारों के नामजद रिपोर्ट कर जांच शुरू कर दी है।

### चार दर्जन वाहनों का किया चालान

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** टीएसआई योगेन्द्र सिंह की अगुवाई मे नगर के अशोक चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाकर चार दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया।


गोला के अशोक चौराहे पर कार चेक करती यातायात पुलिस।

अशोक चौराहा पर अक्सर जाम की झाम का नजारा देखने को मिल जाता है। लोग वेतरतीब व जल्दी निकले की चाहत मे जाम लगा देते है। वहीं टीएसआई योगेन्द्र सिंह, अनिल सिंह की अगुवाई मे अशोक चौराहे पर चार दर्जन से अधिक ओवरलोड, बगैर हेलमेट ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतते हुये चार दर्जन वाहनों का चालान काटा है, जिससे अवैध वाहन चलाने वाले लोगों में अफरा–तफरी का माहौल रहा।

### गल्ला व्यापारी का थैला लूटकर भाग निकले बदमाश

**संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार :** गांव पृथ्वीपुरवा में साप्ताहिक बाजार में गल्ला खरीद रहे एक व्यापारी का सरेआम बाइक सवार दो बदमाश थैला लूटकर भाग निकले। थैले में 19,500 रुपये की नकदी और दो मोबाइल थे। पीड़ित गल्ला व्यापारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। निघासन थाना क्षेत्र के गांव खैरहनी निवासी श्रवण कुमार गल्ला व्यापारी है। श्रवण कुमार ने बताया कि वह पृथ्वीपुरवा बाजार में हमेशा की तरह गल्ला खरीद रहा था। उसने एक बोरी के नीचे थैला रखा था। थैले में 19,500 रुपये और दो मोबाइल रखे थे। शाम करीब 06 :30 बजे दो बदमाश बाइक से आए। वह कुछ समझ पाते। इससे पहले ही पास में खड़े बदमाश ने उसका थैला लूट लिया और बाइक पर बैठकर साथी के साथ भाग निकला। उसके शोर मचाने पर तमाम व्यापारी और लोगों ने दोनों बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह हाथ नहीं आए। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश 25 से 30 साल के थे। सरेआम हुई वारदात के बाद बाजार में अफरा–तफरी मच गई। व्यापारी भी दहशत में आ गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# नाली में गिरी गेंद उठाते समय करंट लगने से बेटे की मौत

## इकलौते बेटे की मौत से घर में मचा कोहराम, प्रशासन ने दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


विधान गुप्ता (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** मोहल्ला हाथीपुर कोठार में दोस्तों के साथ खेल रहे आठ साल के बच्चे की करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। इकलौते पुत्र की मौत होने से उसके माता-पिता का रो-रोकर हाल बेहाल है। हादसे की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

शहर के मोहल्ला हाथीपुर कोठार निवासी लखीमपुर अभिनव गुप्ता का आठ वर्षीय पुत्र विधान गुप्ता अपने दोस्तों के साथ शनिवार की शाम करीब साढ़े छह बजे पास स्थित बंकटा देवी मंदिर के पास गेंद खेल रहा था। उसकी गेंट नाली में गिर गई। नाली के पास लगे खंभे के सपोर्ट वायर में करंट दौड़ रहा था। गेंद उठाते समय विधान ने सपोर्ट वायर को पकड़ लिया, जिससे उसे करंट लगा और तड़पने लगा। हादसा देख बाकी बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। इस पर परिजन व मोहल्ले के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक विधान गुप्ता ने दम तोड़ दिया। मासूम बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने बताया कि विधान गुप्ता अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार वालों का रो-रोकर हाल बेहाल है। हादसे की सूचना पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमार, बिजली विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। इस विद्युत दुर्घटना पर विद्युत महकमे ने फार्म-44 भराया है। नायब तहसीलदार के मुताबिक एक उपभोक्ता के सर्विस केबल के साथ एक जीआई तार (स्पोर्ट तार) खंभे के स्टे मे बंधा था। कट होने कारण सपोर्ट जीआई तार में करंट आ गया। साथ में स्टे में भी करंट आ गया। विद्युत सुरक्षा विभाग से जांच के उपरांत सहायता दिए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

# तकनीकी शिक्षा के बिना ज्ञान अधूराः बृजेंद्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम में टिप्स देते ट्रेनर बृजेंद्र अग्निहोत्री।

**अमृत विचारः** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ट्रेनर ने तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण दिलाया।

रविवार को ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ियां के प्रशिक्षण में शिशु के शारीरिक, मानसिक तथा रचनात्मक विकास के साथ सामाजिक भावनात्मक एवं भाषा कौशल जैसे विषयों पर ध्यान देने को कहा गया। प्रभारी सीडीपीओ गमला देवी ने रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक एवम स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र अग्निहोत्री को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए रॉकेट लर्निंग संस्था की सराहना की और शिशुओं के सर्वांगीण विकास के लिए की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, क्रियाकलाप, अनौपचारिक शिक्षा में टीएलएम के प्रयोग के निर्देश दिए। प्रशिक्षण का संचालन करते हुए बृजेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि शिशुओं के सर्वांगीण विकास में प्रारंभ के तीन से छह वर्ष की आयु अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें शिशु के मस्तिष्क का विकास बहुत तेजी से होता है। डिजिटल एजुकेशन के बारे में बताया कि वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तकनीकी शिक्षा का ज्ञान अनिवार्य है, डिजिटल साक्षरता के अभाव में अनेक आंगनबाड़ी केंद्र डिजिटल डीपीओ डैशबोर्ड पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाती हैं। आंगनबाड़ी वर्कर ईसीसीई कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन नही कर पा रही है। निदेशालय स्तर पर इस तरह के निष्क्रिय आंगनबाड़ी वर्कर की सूची तैयार की जा रही है। प्रभारी सीडीपीओ गमला देवी ने पोषण ट्रेकर एवं बाल पिटारा के विषय में चर्चा की। प्रशिक्षण में सुपरवाइजर माया शंखधार, मीना देवी, कल्पना सिंह, मीरा चौधरी, सोना गुप्ता, सुनीता देवी, सरोजिनी, ज्योत्सना, लाजवंती, लक्ष्मी, मुन्नी, उषा देवी, सुमन कटियार, कोऑर्डिनेटर मेहताब, लेखाकार शिवानी आदि मौजूद रहीं।

**आंगनबाड़ी प्रशिक्षण में डिजिटल साक्षरता पर दिए गए टिप्स**

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज आज से

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**मच्छरों से निपटेंगे मिलकर 11 विभाग, गत वर्ष 298 मरीजों में मलेरिया एवं 179 में डेंगू बुखार की हुई थी पुष्टि**

**अमृत विचारः** मानसून ने दस्तक दे दी है। पिछले तीन चार दिन से बारिश भी हो रही है। नगर पालिका से लेकर जिला पंचायत राज विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते शहर और गांवों में जलभराव होना शुरू हो गया है। जो मच्छरों के पनपने के लिए बेहद मुफीद है। ऐसे में मच्छर जनित बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य महकमे की नींद उड़ गई है, क्योंकि हर साल जलभराव में मच्छर पनप रहे हैं, जो मलेरिया से लेकर डेंगू बुखार की वजह बनते हैं।

पिछले साल बुखार की चपेट में आने वालों की जांच कराने पर 298 मरीज मलेरिया और 179 बुखार पीड़ित डेंगू के मिले थे। ऐसे में मच्छर जनित रोगों पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य महकता एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाएगा। इस दौरान 11 विभागों की जिम्मेदारी मच्छरों के पनपने पर प्रभावी अंकुश लगाने की रहेगी।

> सोमवार से जिले भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू होगा, जो 31 जुलाई तक चलेगा। इसमें 11 जुलाई से दस्तक अभियान शुरू होगा। इसमें आशा वर्कर आदि घर घर जाकर बुखार के मरीजों की जानकारी कर विभाग को अवगत कराएगीं, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। सोमवार को कलेक्ट्रेट से जागरूकता रैली निकालकर शहरवासियों को मच्छरों से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा।
>
> –हरिशंकर, जिला मलेरिया अधिकारी

### ब्लॉक वार संवेदनशील गांव

1. कुंभी– बनिकापुर, मरूवाकला, बगचन, नरायनपुर, सेहरूवा, कुंभी गांव, पनगी, सिकंद्राबाद, हफीजपुर, मुन्नूगंज, अमकोटवा, जमालपुर, कोदरी, भवानीगंज, अमकोटवा।
2. मोहम्मदी– बसबिरवा, भानपुर, असौक, डेलखेडा, झाराखेमपुर, असौवा, गदमापुर, मोहम्मदी शहर, बहादुरगंज, गोकरनपुरी, फिरोजपुर।
3. बेहजम– करनपुर, कैमाबुजुर्ग, अटई, ओयल, बहादुरपुरा, नीमगांव, बेहजम, बैकुंठा, धरमपुर, मलहापुर, अछनिया, बेहटा, लहसुरिया पुरवा।
4. नकहा– नकहा, अशोगापुर, हरौवा, घोवहा, रंगवा, ककरहा, दोनवा, गदौरा।
5. निघासन– निघासन, लोनियारपुर, लुधौरी, सिंगाही, टिकुनिया, रकैती, हरसिंहपुर, बथुआ टांडा, बड़ा वरसोला कला।
6. रमियाबेहड़– रमियाबेहड़ कस्बा, बिबियारी, लखनपुरवा, मदारीपुरवा, बुचवा।
7. ईसानगर– हसनपुर, रूद्रपुर, बसरहिया, कतौली, मक्कापुरवा।
8. मितौली– फत्तेपुर, मुराता, गरकरिया, नीमचीनी, कैमीनूर, मिन्नाभूर, ककरहिया, मितौली कस्बा।
9. पसगवां– कस्बा पसगवां, औरंगाबाद, जंगबहादुर गंज, मैगलगंज।
10. लखीमपुर नगर– मोहल्ला घोसियाना, नौरंगाबाद, रामनगर, ईदगाह, सुआगाढ़ा, अर्जुनपुरवा, महराजनगर, गोविंदनगर, प्यारेपुर, कनौजिया कॉलोनी, गंगोत्रीनगर, अयोध्यापुरी, नई बस्ती, लक्ष्मी कॉलोनी, गोटैयाबाग, मिश्राना, शास्त्रीनगर, नयागांव, कृष्णानगर कॉलोनी, एकता नगर, शिवपुरी, मेला मैदान, हिदायतनगर, शिव कॉलोनी एवं हाथीपुर के अलावा देहात क्षेत्र के गांव मुड़ियाखेडा, सैदापुर, सिद्धार्थनगर, खैतुन मुगली टोला, सलेमपुर, रानाबाजार व रूकुंदीपुर।
11. बांकेगंज– भारीगांव, मैलानी
12. धौरहरा– कस्बा धौरहरा, पठान वार्ड, मिर्जापुर, शुक्ला टोला, गुलरिया, शेखनपुरवा।
13. फूलबेहड़– कस्बा फूलबेहड़, महेवागंज, राजापुर, जगन्नाथपुरवा, इब्राहिमपुर, बम्हनपुर, श्रीनगर, ढ़खवा, मिदनिया व खैया।
14. फरधान– अंबूपुर, रमुआपुर, सती, रजागंज, लालपुर, रामपुर गोकुल, रौसा, कैमहरा, राजापुर, निपनिया, पिथवापुर, अटकोनवा, धौरहरा खुर्द, फरधान कस्बा, पिथवापुर, लगुचा, चुरईपुरवा, ढुसरू।
15. पलिया– गजरौला, बबुरिया, ढ़किया, गौरीफंटा, पलिया नगर।
16. बिजुआ– हजूरपुरवा एवं कस्बा बिजुआ।

# पावर कारपोरेशन के बड़े अधिकारी ने नहीं निभाई जिम्मेदारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**छोटे अधिकारियों को मिली सजा, एसडीओ ने सौंपी थी 40 पन्नों की अपनी रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** पावर कारपोरेशन के बड़े अधिकारी पर निलंबन की गाज गिरनी थी, पर उन्हें अभयदान देकर केवल तबादला कर दिया गया। जबकि 40 पेजों की रिपोर्ट सौंपे पर जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया था। जिस कारण मां-बेटे समय तीन की जान चली गई थी।

गोला मोहम्मदी फीडर को लेकर एसडीओ प्रथम रहे विनीत कुमार वर्मा ने कई माह में सर्वे कार्य पूरा कर 40 पन्नों की अपनी रिपोर्ट अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता को सौंपी थी। जिसकी गवाही एसडीओ द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट दे रही है। नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी को जर्जर पोल और तार बदलने का ठेका दिया गया था। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने समय से अपना काम पूरा नहीं किया। जिसके सुपरवीजन का काम अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम के जुम्मे था, पर उन्होंने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई, फिर भी उन्हें कोई सजा नहीं मिली। सिर्फ तबादला हुआ। एसडीओ ने केवल रिपोर्ट ही नहीं दी बल्कि जर्जर तार, जर्जर बिजली पोल और बायर गार्डन लगाए जाने समेत कई मामलों को लेकर बार-बार विभाग में पत्राचार भी किया, पर किसी ने नहीं सुना। जब 17 जून को मां बेटे और भाई की बिजली करंट लगने से जान चली गई तो अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र में 17 जून को ग्राम हेमपुर के निकट बड़ी नहर पर पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी इलाके के गांव बहादुरपुर निवासी बबलू उसकी बहन मंजू और भांजे अनमोल की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बबलू की मां बिंदिया और भांजी खुशी गंभीर झुलस गए थे। इस मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रथम दृष्टया विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता राजनरायन, एसडीओ विनीत कुमार, अवर अभियंता अमृतलाल को निलंबित कर दिया था और जांच के लिए टीम गठित कर थी। घटना के दो सप्ताह बाद शासन ने अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम को हटा दिया है। अब उनके स्थान पर गोरखपुर में तैनात अशोक कुमार की शासन ने नवीन तैनाती की है।

# एक सप्ताह बाद खुद घर आ गया किशोर

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** मोहल्ला मुन्नूगंज से एक सप्ताह पूर्व लापता हुआ किशोर एक सप्ताह बाद खुद घर आ गया है, जिससे परिवार में खुशी है।

मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी सरोज कुमार का पुत्र गौरव वर्मा (13) गत 24 जून को भाई, बहन से झगड़ा कर घर से भाग गया था। काफी तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला। परिजन परेशान हो गए थे। सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। अपने आप घर वापस आए किशोर गौरव ने बताया कि भाई बहन से झगड़ा के बाद पिटाई के डर से वह शहर में ही चौराहे के आस पास ही रात में दुकानों के बाहर सो लेता था। वह स्वयं परेशान होकर अपने घर आ गया है। इससे परिवार में खुशी का माहौल है।

# समीर इलेवन बिछिया ने पलिया को हराकर जीता फाइनल मैच

**संवाददाता, बम्हनपुर। अमृत विचारः** रामाधीन इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर खेले जा रहे स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्व स्नेहलता वर्मा मेमोरियल नाक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच समीर इलेवन बिछिया और रविंद्र इलेवन पलिया के बीच खेला गया। बिछिया की टीम ने रविंद्र इलेवन को 23 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। अशफाक को मैन ऑफ द टूर्नामेंट व सतेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**स्व. शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा एवं स्व स्नेहलता वर्मा मेमोरियल नाक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट**

समीर इलेवन बिछिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित ओवर में दो गेंद शेष रहते 195 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। समीर इलेवन बिछिया की शुरुआत खराब रही। जब ओवर की पहली ही गेंद पर रचित, नाजिर आउट हो गए। समीर इलेवन की तरफसे खेलते हुए मनोज 44, उत्कर्ष ने 31 रन की मदद से 19.4 ओवर में 195 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेवन पलिया की पूरी टीम 172 रन ही बना सकी। इस प्रकार बिछिया की टीम मैन ऑफ द मैच सतेंद्र तथा मैन ऑफ द टूर्नामेंट अशफाक हाशमी को दिया गया। बिछिया की टीम ने 23 रन से जीत दर्ज की। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर धीरेन्द्र कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, ग्राम प्रधानपति संतोष शुक्ला, राहुल जायसवाल, पारुल जायसवाल, अनुज जायसवाल, राधेश्याम आदि रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** गोला शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक चालक को टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम बांकेगंज निवासी सैफ अहमद (55) किसी काम से बाइक पर मोहम्मदी रोड पर गए थे। दोपहर बाद बाइक से ही वह ममरी की तरफ से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि हैदराबाद थाना क्षेत्र में कंजा बरमबाबा हनुमान मंदिर से पहले सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सैफ अहमद बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। घटना में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

उत्साह — बेसिक के 3106 विद्यालयों में पंजीकृत हैं 4,34,361 बच्चे

# आज से नियमित खुलेंगे स्कूल, पहुंचेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** विद्यालय ग्रीष्मावकाश के बाद विधिवत पठन पाठन के लिए एक जुलाई यानि सोमवार से खुल जाएंगे। इसके लिए शासन से जारी आदेश के तहत स्कूलों को सजाया संवारा जाएगा और स्कूल पहुंचने पर बच्चों का स्वागत भी होगा। उधर, सीएम योगी ने भी शनिवार को डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में स्टेशनरी, बैग व ड्रेस के लिए 1200- 1200 रुपये की धनराशि भी ट्रांसफर कर दी है।

जिले में बेसिक स्कूलों की संख्या 3106 है, जिनमें अब तक 4,34,361 बच्चों का पंजीकरण है। सोमवार से यह सभी बच्चे स्कूल पहुंचेगे। स्कूल पहुंचने पर बच्चे निराश न हो इसलिए विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी ने एक जुलाई को विद्यालयों में उत्सव का रूप देकर फूल, पत्ती, रंगोली एवं गुब्बारों से सजाकर स्कूल आने वाले बच्चों का स्वागत रोली टीका लगाकर करने और मध्याह्न भोजन में इनके लिए हलवा एवं खीर बनाकर मुंह मीठा कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कक्षा- एक व छह में नया प्रवेश लेने वाले बच्चों का विशेष रूप से स्वागत कर प्रोत्साहित करने के लिए कहा है, जिससे कक्षा एक में पहली बार आए बच्चे परेशान न हो सकें। जारी आदेश के अनुसार विभागीय अधिकारी विद्यालयों में स्वयं उपस्थित होकर स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग करना होगा।

### सुबह 8 बजे से 2 बजे तक होगा पठन पाठन

परिषदीय स्कूलों में आज से विधिवत शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। विद्यालय का समय सुबह 8 :00 से दोपहर 02 :00 बजे रहेगा। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा आदेश भी जारी कर चुकी हैं।

### आंकड़ों की नजर में

- जिले में कुल विद्यालय– 3106
- कक्षा एक से पांच तक– 1973
- कक्षा एक से आठ तक– 727
- कक्षा छह से आठ तक– 406
- बेसिक स्कूलों में छात्रों की संख्या– 4,34,361

> बेसिक स्कूलों में आज से विधिवत पठन पाठन शुरू होगा। पहले दिन शिक्षक बच्चों का स्कूल में स्वागत करेगा। एमडीएम में खीर व हलुआ बनाकर बच्चों का मुंह मीठा कराया जाएगा। इस संबंध में बीईओ को आदेश जारी कर दिए हैं।
>
> –प्रवीण कुमार तिवारी बीएसए


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी (उ0प्र0 262701)

पत्रांकः– 629/P.H.C./एम0बी0एल0/2024–25 दिनांक 29–06–2024

**निविदा सूचना**

समस्त भूसा विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम मैनहा (खम्भार खेडा) में संचालित अस्थायी गौशाला में गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु दिनांक 31.03.2025 तक भूसा आपूर्ति किये जाने की आवश्यकता है। भूसा आपूर्ति हेतु दिनांक 08.07.2024 को सांय 4 बजे तक प्रति कुण्टल की दर हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति की मात्रा गौवंशीय के अनुसार घट व बढ़ सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.07.2024 को सायं 4:00 बजे तक कलेक्ट्रेट के स्थानीय निकाय कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद कार्यालय से धनराशि जमाकर प्राप्त कर सकते हैं। सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.07.2024 को स्थानीय निकाय कार्यालय कलेक्ट्रेट एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर में रखे टेण्डर बाक्स में डाली जायेंगी। डाली गयी निविदायें अपर जिलाधिकारी महोदय खीरी के समक्ष कलेक्ट्रेट में आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में दिनांक 08.07.2024 को सांय 5:00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम | आपूर्ति का विवरण | मात्रा | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूसा | लगभग 3000 कुण्टल। | 2,00,000.00 | 2,000.00 |

**निविदा की शर्ते :–**

1. निविदादाता को धरोहर राशि अंकन 2,00,000/– अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर के पक्ष में FDR अथवा RTGS के माध्यम से पालिका के खाता संख्या 2910101004088 IFSC CODE-CNRB0002910 में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ अंकन 100/– का स्टाम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा।
3. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. भूसा गुणवत्तापूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
5. स्वीकृत दर दिनांक 31.03.2025 तक के लिए ही मान्य होगी।
6. भूसे की आपूर्ति पालिका द्वारा संचालित गौशाला ग्राम मैनहा (खम्भार खेडा) में करनी होगी।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

# राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

## अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे के सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है।

- **प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव**
- **प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे, ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक**
- **आगे और तेज प्रगति की जरूरत, संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभूदयाल वाजपेयी**

अखबार जैसी विश्वसनीयता और उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है। डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक अमरीश सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।



अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल।

### सेवा व समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्या, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सर्कुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभूदयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिया।

### अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाटी, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सर्कुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सर्कुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सर्कुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

## रुपयों के खातिर की गई थी भाई की हत्या बहन का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरिया में ढाई माह पूर्व एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में उसकी बहन ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

आरोप है कि पुलिस ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर थाने से भगा दिया, जिसकी शिकायत एसपी और विधायक से की गई। थाना क्षेत्र के ग्राम कैथोला निवासी रामकुमार की पत्नी प्रिया ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका भाई अतीश दो माह से अपनी बुआ के यहां देवरिया में रह रहा था। बुआ के बेटे ने अपनी बहन की शादी से पहले अतीश से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। बहन का आरोप है कि रुपयों की खातिर उसकी 15 अप्रैल को हत्या कर दिया गया। हैदराबाद थाने में दिन भर बैठे रहने के बाद भी उसकी नहीं सुनी गई। थाना को थाना अध्यक्ष, दीवान और महिला सिपाही ने उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर थाने से भगा दिया। महिला ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# लूटपाट के बाद व्यापारी की हत्या

## बेड पर मिला शव, कपड़े से बंधे थे हाथ-पैर और मुंह, कमरे में बिखरा पड़ा था सामान

संवाददाता, संपूर्णानगर (लखीमपुर खीरी)

- **डॉग स्क्वायड पहुंचा, फोरेंसिक टीम ने जुटाए वैज्ञानिक साक्ष्य**

**अमृत विचार:** थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव भानपुर खजुरिया निवासी हार्डवेयर व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू सेठी (45) का शव उसके घर के अंदर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बिस्तर पर बरामद हुआ है। वह घर पर अकेले ही रहते थे। शव के हाथ-पैर और मुंह कपड़े से बंधा हुआ था। कमरे के अंदर रखा सामान भी बिखरा पड़ा था। व्यापारी की लूट के इरादे से हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने कमरा सील कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी पश्चिमी में घटनास्थल का निरीक्षण किया।

गांव भानपुर खजुरिया निवासी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू सेठी (40) क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई थे। मकान से उनकी दुकान कृष्णा आयरन स्टोर के नाम से करीब 50 मीटर दूर भानपुर खजुरिया बस स्टैंड के पास बाजार में है। उनकी पत्नी उमा सेठी अपने पुत्र जतिन सेठी (15) के साथ सोनीपत में रहती है। कृष्ण कुमार सेठी अकेले घर की दूसरी मंजिल पर रहते थे। वह शनिवार की रात दुकान बंद कर घर पहुंचे तो घर में घरेलू काम करने वाली गांव की ही ज्ञानवती ने खाना बनाया। कृष्ण कुमार सेठी के कहने पर वह खाना चेयर पर रखकर चली गई। सुबह ज्ञानवती जब दोबारा काम करने पहुंची तो वहां के हालात देख उसके होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर तमाम लोग मौके पर पहुंचे तो देखा व्यापारी का शव औंधे मुंह पड़ा था। उसका मुंह और हाथ-पैर कपड़े से बांधे गए थे। कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था। प्रमुख व्यापारी की लूट के बाद हत्या की खबर पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर एएसपी नैपाल सिंह, सीओ पलिया यादुवेंद्र सिंह और एसओ निराला तिवारी भारी पुलिस बल साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने कमरे से मोबाइल फोन, पर्स आदि सामान कब्जे में लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कोई क्लू नहीं लगे हैं। पुलिस ने घरेलू काम करने वाली महिला को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ कर रही है। परिवार में किसी के घर न होने के कारण बदमाश क्या सामान लूटकर ले गए हैं। इसका पता पत्नी और बेटे के आने के बाद ही चल सकेगा।


कृष्ण मुरारी सेठी उर्फ बबलू (फाइल फोटो)


व्यापारी की हत्या व लूट के बाद भानपुर खजुरिया बाजार में लगी लोगों की भीड़।


इस तरह रात में घर मे घुसकर व्यापारी की हत्या की घटना पहली बार हुई है, जो इस शांतिप्रिय क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। पुलिस प्रशासन को घटना का शीघ्र पर्दाफाश करना चाहिए।

**-धीरेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष खजुरिया व्यापार मण्डल (कंछलगुट)**

> व्यापारी की हत्या की गई है। हत्या किन कारणों से हुई है। यह अभी साफ नहीं हो सका है। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। परिवार के आने पर ही पता चल सकेगा कि क्या-क्या गायब है। पुलिस लूट समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> **-नैपाल सिंह, एएसपी पश्चिमी**

# रात 10 बजे के बाद नहीं दिखती पुलिस की गश्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **रात 12 बजे से दो बजे तक रहती है बदमाशों की चहलकदमी, ग्रामीण भयभीत**

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र के हरद्वाही बाजार चौराहा से लेकर कड़िया मार्ग पर रेलवे क्रासिंग तक कई दिनों से बदमाश देखे जा रहे हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यूपी 112 पुलिस और सिंगाही पुलिस का गस्ती दल रात में नहीं दिखता है। इससे बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं और कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

हरद्वाही बाजार चौराहा थाना सिंगाही का प्रमुख चौराहा है। इसी चौराहे से भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले वाले बेलरायां-कड़िया मार्ग पर बेलरायां चीनी मिल का गन्ना केन यार्ड भी चौराहा के निकट है। ग्रामीणों ने बताया कि इधर कई दिनों से भेड़ौरी रेलवे क्रासिंग से लेकर हरद्वाही चौराहा करीब एक किलोमीटर की दूरी में बदमाश देखे जा रहे हैं। असलहों से लैस बदमाशों के देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हरद्वाही बाजार चौराहा पर पुलिस पिकेट है। साथ ही यूपी 112 पुलिस का प्वाइंट भी है। इसके बाद भी यहां पर पुलिस कभी-कभार ही दिखाई देती है। नौ बजे के बाद इस मार्ग पर पुलिस की कोई गस्त नहीं होती है। इससे अपराधी बेखौफ हैं। शनिवार की रात असलहों से लैस बदमाश चोरी की नीयत से चीनी मिल कारखाना परिसर में घुसने की कोशिश की थी, लेकिन सतर्क सुरक्षा गार्डों ने उन्हें खदेड़ दिया था।

> सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई है। इंस्पेक्टर सिंगाही को गस्त तेज करने के लिए कहा गया है। गस्त की औचक चेकिंग भी कराई जाएगी। यदि कहीं लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई भी होगी।
>
> **-गणेश प्रसाद साहा, एसपी**

### ड्रग इंस्पेक्टर एवं अधीक्षण अभियंता का तबादला

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** शासन से रविवार को जारी तबादला सूची में जिले के कई अधिकारियों का ट्रांसफर हो गया। जिले में तैनात जिला औषधि निरीक्षक सुनील रावत को प्रयागराज भेजा गया है, जबकि बरेली की बबिता रानी को लखीमपुर को ड्रग इंस्पेक्टर बनाया गया है। इसी क्रम में विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधीक्षण अभियंता रामशबद की जगह पर शासन ने शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता जय प्रकाश वर्मा को लखीमपुर तैनाती दी है।

## सार-संक्षेप

### जिला अस्पतालः सर्जन डॉ. आरके कोली बने सीएमएस



**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. आरके कोली को शासन ने सीएमएस बनाया है। फिलहाल अभी तक इनके पास सीएमएस का भी प्रभार था। रविवार को जारी शासन से आदेश जारी होते ही बधाई देने का शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बता दें कि मूलत: राजस्थान के निवासी डॉ. आरके कोली की जिला अस्पताल में 25 नवंबर 2017 को जिला अस्पताल में सर्जन के पद पर तैनाती हुई थी। मार्च में सीएमएस डॉ. आइके राम चंदानी का लखनऊ तबादला होने के बाद सीनियर होने के नाते डॉ. आरके कोली के पास सीएमएस का चार्ज था। रविवार को शासन ने इन्हें जिला अस्पताल का प्रभारी नियुक्त किया है। इसकी सूचना मिलते ही लोगों का शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना प्राथमिकता रहेगा। इसके अलावा मरीजों को अस्पताल आने पर किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए प्रयास जारी रहेगा।

### सीएमओ के निरीक्षण में गायब मिले फार्मासिस्ट



**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने जन आरोग्य मेले की हकीकत जानने के लिए रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल और नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग का औचक निरीक्षण किया। पीएचसी ओयल में समस्त स्टाफ मौजूद मिला। निरीक्षण के समय तक 116 मरीज देखकर 20 की जांचे हो चुकी थी। परिसर का भ्रमण करते समय छत पर बारिश का पानी भरा होने और गंदगी मिलने पर नाराजगी जताकर छत की सफाई कराकर ड्रेनेज पाइप दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का ख्याल रखें कि बरसात का पानी छत से लेकर परिसर में जमा न होने दें। सफाई की व्यापक व्यवस्था रखें। इसके बाद वह नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग पहुंचे। वहां पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले, जबकि सभी स्टाफ नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के समय तक 26 मरीज देखे गए थे।

### ग्राम पंचायत की समस्याओं पर डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ ग्राम पंचायत की समस्याओं के निदान के लिए 10 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ पहली जुलाई को जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायतों में बैठकें नहीं बुलाई जा रही है। इसलिये जरूरतमंद गरीबों को आवास, शौचालय नहीं मिल पाते है। नियमित बैठकें न होने से ग्राम पंचायतों की आम जनता को सरकार की नई योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। चकबंदी होने के बाद जो चकरोड छोड़े गए थे। उन्हें बड़े भूमाफियाओं ने चक रोड नहीं छोड़े हैं। ग्राम पंचायत में जन्म मृत्यु रजिस्टर नहीं भरे जा रहे हैं। इन तमाम समस्याओं के निदान के लिये पहली जुलाई को वह रामजी शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, संतोष शर्मा, अमरकेश विश्वकर्मा, पंडित वेदप्रकाश शर्मा, मिश्रा शर्मा आदि के साथ नव नियुक्त जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से भेट वार्ता कर ज्ञापन सौंपेंगे।

### प्रेमी के साथ भाग निकली किशोरी और युवती

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव की एक किशोरी और युवती प्रेमी के साथ रफू चक्कर हो गई। दोनों के परिवार वालों ने काफी तलाश की, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका है। एक पीड़ित पिता ने बताया कि 26 जून को वह 11 बजे खेत को गया था। उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी, जिसे हरदोई के थाना टड़ियावां के ग्राम बाजार पुरवा निवासी लंकुस बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। काफी तलाश करने पर भी जब वह नहीं मिली तो पुलिस को तहरीर दी। इसी तरह की एक अन्य घटना दूसरे गांव की है। 21 जून को एक गांव निवासी की 21 वर्षीय पुत्री को कोतवाली मोहम्मदी के ग्राम महमदपुर का अखिलेश बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि पुत्री को ले जाने में पड़ोसी अमित और उसकी मां गुड्डी देवी का सहयोग रहा। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### बच्ची के दुष्कर्म का बाल अपचारी गिरफ्तार

**संवाददाता, पसगवां। अमृत विचार :** पुलिस ने पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह हरदोई भेजा गया है। शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र में तेरह वर्षीय किशोर ने बहला-फुसलाकर पड़ोसी की पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। उसे लहूलुहान अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। बच्ची की मां की तहरीर पर बाल अपचारी के विरुद्ध दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार की रात बाल अपचारी को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया। थाना प्रभारी दीपक राठौर ने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर आरोपी को बाल सुधार गृह हरदोई भेजा गया है। पीड़ित बच्ची जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती है।

### पालिकाध्यक्ष ने पदाधिकारियों संग सुनीं पीएम के मन की बात


गोला में भाजपा के कैंप कार्यालय पर मोदी के मन की बात सुनते भाजपाई।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** भाजपा कैम्प कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद रविवार को मन की बात को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कृषक समाज शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 206 पर मन की बात सुनी। उन्होंने मोदी के संदेश पर अमल करने का जोर दिया। नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मंत्री धीरज बाजपेयी, कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, विजय मिश्रा, सुनील मिश्रा, रवि प्रजापति, मनोज बाथम, सोनू त्रिवेदी, प्रभात गुप्ता, प्रदीप खतौलिया, अमित गुप्ता, राममोहन सोनी, पवन गुप्ता, दीपक शुक्ला, रंजीत वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छोटी काशी से बाबा बर्फानी के दर्शन को 57 सदस्यीय जत्था रवाना


गोला से अमरनाथ यात्रियों को रवाना करते विधायक, पालिकाध्यक्ष।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए गोला से 57 सदस्यीय जत्था को अमरनाथ यात्रा के लिए विधायक और नगर पालिकाध्यक्ष ने तिलक वंदन कर गमछा पहनाकर रवाना किया।

रविवार को विधायक अमन गिरि और पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में छोटी काशी से 57 सदस्यीय बाबा बर्फानी के दर्शनार्थ अनिल जलोटा, सभासद मोहित कनौजिया, अभिषेक सक्सेना, रामानंद, विनीत, नीरज, रमाकांत, अरविंद, अमित, सुनील, पप्पू, सौरभ गुप्ता, राम कुमार आदि को रवाना कर मंगलमय यात्रा की कामनाएं की गई।

# डिप्टी कमिश्नर का आडियो वायरल, प्रशासन सतर्क

संवाददाता, खमरिया

- **एसडीएम ने समिति के पांच लोगों को बुलाकर की वार्ता**
- **कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर कठोर कार्यवाही की दी चेतावनी**

**अमृत विचारः** थाना ईसानगर में तैनात एक दरोगा व उद्योग विभाग में तैनात डिप्टी कमिश्नर गांव रामलोक में संचालित रामलोक कल्याण समिति के संरक्षक सर्वेश दीक्षित की टेलीफोन वार्ता की ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में खलबली मच गई। एसडीएम ने ऑडियो को संज्ञान लेकर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर वार्ता की। संबंधित विभाग में शिकायत करने की सलाह दी। साथ ही हिदायत दी कि यदि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की गई तो कठोर कार्रवाई होगी।

दरअसल हुआ यूं कि शनिवार को थाने में तैनात उपनिरीक्षक सुनील तिवारी के मोबाइल नंबर पर डिप्टी कमिश्नर सर्वेश दीक्षित ने कॉल की और थाना ईसानगर क्षेत्र के रामलोक में संचालित रामलोक कल्याण समिति का खुद को संरक्षक बताया। उन्होंने एसआई से कहा कि समिति के विरोध में एक क्षेत्रीय पत्रकार ने गलत खबर प्रसारित की है। कथित पत्रकार को गिरफ्तार किया जाए। इतना ही नहीं उसने पुलिस को धमकाते हुए कहा कि अगर पत्रकार की गिरफ्तारी नहीं की गई तो थाने का घेराव किया जायेगा। ऑडिओ सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। रविवार सुबह थाना परिसर में एसडीएम राजेश कुमार व सीओ पीपी सिंह ने समिति के पांच सदस्यों को बुलाकर वार्ता की। एसडीएम ने समिति के लोगों से बातचीत करते हुए बताया कि संबंधित पत्रकार के खिलाफ उसकी संस्था में शिकायत दर्ज करायें। खबर छापने को लेकर पुलिस किसी पत्रकार को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। प्रशासन व समिति के सदस्यों की सार्थक बातचीत के बाद मामले का निस्तारण हो गया। सीओ पीपी ने बताया कि समिति के सदस्यों से बातचीत हो गई है । अपनी समस्या संबंधित पत्रकार की संस्था को शिकायत करने के लिए कहा गया हैर। समिति के किसी भी सदस्य के द्वारा अराजकता फैलाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते एसडीएम राजेश कुमार व सीओ पीपी सिंह।

# बिना डॉक्टर चल रहे दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**डॉक्टर्स डे पर विशेष**

- **मरीजों को चिकित्सीय सुविधाएं मिलना भी दूभर**
- **इलाज के लिए 15 किलोमीटर की लगा रहे दौड़**

**अमृत विचार :** जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी है। इसकी वजह डॉक्टरों की कमी है। अधिकतर सीएचसी पर न तो बाल रोग विशेषज्ञ है और न ही स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग के डॉक्टर। सबसे ज्यादा हाल जिला मुख्यालय का खराब है। जिला अस्पताल मोतीपुर जाने के बाद शहरवासियों को इलाज के लिए 15 किलोमीटर की दौड़ लगानी होती है। हालांकि कहने के लिए शहर में चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से दो डॉक्टर विहीन है। वहां पर मरीजों का इलाज फार्मासिस्टों के सहारे है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का निर्माण होने के लिए जिला अस्पताल को मोतीपुर में बने एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि शहरवासियों ने पुरजोर विरोध किया। मगर, तब जिम्मेदारों ने नगरीय स्वास्थ्य केंद्र होने का हवाला देकर बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मिलने के दावे किए। मगर, आज आलम यह है कि नगर क्षेत्र के दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन हैं। नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग एवं नगरीय स्वास्थ्य केंद्र निर्मलनगर पर डॉक्टर न होने से मरीजों को इलाज मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक के अभाव में लोग 15 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल की दौड़ लगा रहे हैं, जिससे समय के साथ पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

**मलिन बस्तियों के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर ही नहीं हैं डॉक्टर :** मलिन बस्तियों में रहने वालों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए शासन ने इन मोहल्लों में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र खुलवाए थे। इनमें से एक गोटैयाबाग और दूसरा निर्मल नगर में खोल गया। इसके अलावा एक नौरंगाबाद और दूसरा हाल में ही राजगढ़ में खोला गया। मगर, आलत यह है कि मलिन बस्ती के स्वास्थ्य केंद्र पर ही डॉक्टर नहीं है। ऐसे में वहां पर रहने वालों को बेहतर इलाज मिलना मुश्किल है।


निर्मल नगर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज देखते फार्मासिस्ट।

### डॉक्टर न होने से दिन पर दिन घट रहे मरीज

दोनों नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर न होने की वजह से मरीजों की संख्या में दिन पर दिन गिरावट हो रही है। रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन होने के बावजूद निर्मल नगर में 41 मरीजों का पंजीकरण हुआ। वहीं गोटैयाबाग स्वास्थ्य केंद्र पर मेले के तहत आयुर्वेद चिकित्सक के मौजूद होने के बावजूद 54 मरीज दवा लेने पहुंचे। इनमें से 36 मरीजों को जिला अस्पताल में दिखाने के लिए कहकर रेफर कर दिया गया।

> डॉक्टरों की कमी है। दो नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर तैनात हैं। शासन से डॉक्टर मिलते ही गोटैयाबाग व निर्मलनगर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात कर दिया जाएगा।
>
> **-अमितेश दत्त द्विवेदी, नोडल नगरीय स्वास्थ्य केंद्र**

# 4 माह बाद अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में चार माह पूर्व भगाई गई महिला के मामले में उसके पति ने युवक के नामजद अपहरण की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैठिया निवासी सूरज पुत्र रामकिशोर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी चार मार्च की सुबह छह बजे शौच को गई थी। तभी अलीगंज निवासी छोटे पुत्र राधे ने उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने युवक के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टी-20 विश्व कप जीतने पर आतिशबाजी से आकाश हुआ सतरंगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** टी-20 विश्व कप-2024 पर दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत का कब्जा होते ही खेल प्रेमियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्रिकेट प्रेमियों द्वारा शहर के बड़ा चौराहा सहित अधिकांश मोहल्लों में आतिशबाजी की जाने लगी। इससे रात में आकाश सतरंगी हो उठा। वहीं रविवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडेश्वर मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर खेल प्रेमी कार्यकर्ताओं सहित राहगीरों का मुंह मीठा कराया। इसी तरह डीसीए कार्यालय में भी बधाइयां देते हुए लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा किया।

शनिवार देर रात तक क्रिकेट प्रेमी टीवी स्क्रीन से चिपके नजर आए। हालांकि मैच रोमांचकारी होने पर खेल प्रेमियों की सांसें ऊपर-नीचे होती रहीं। सभी भारतीय टीम को जीतता हुआ देखना चाहते थे, पर फाइनल मुकाबले के अंतिम कुछ ओवर में बनी संघर्षपूर्ण स्थिति में क्रिकेट प्रेमियों को हार का भय सताने लगा। अंतिम ओवर में भारत के विजेता बनते ही खेल प्रेमी खुशी से उछल पड़े। साथ ही शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा, आवास विकास कॉलोनी, सिविललाइंस, मोतीनगर, पीडीनगर, इंदिरानगर, लोकनगर, पीतांबरनगर व कल्याणी आदि मोहल्लों में आतिशबाजी होने का सिलसिला शुरू हो गया। इधर, रविवार को दिन में करीब 12 बजे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर पहुंचकर भारतीय टीम के विजेता बनने के उपलक्ष्य पर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने यहां महिला क्रिकेटरों का मुंह मीठा कराते हुए माला पहना कर सम्मानित भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि मनोयोग से अभ्यास करते हुए अपनी प्रतिभा निखर कर जिले के साथ प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाने का लक्ष्य प्राप्त करें। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मोतीनगर स्थित कार्यालय में एकत्र होकर पदाधिकारियों सहित खिलाड़ियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत की बधाइयां दीं। डीसीए महासचिव पीके मिश्र ने कहा कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में देश के विजेता बनने पर भावी पीढ़ी को प्रेरणा प्राप्त होती है। संजय श्रीवास्तव ने देश के खेल प्रेमियों की मुराद पूरी होने की बात कही। इस मौके पर महिला क्रिकेटर सोनाली कुशवाहा, प्रतिभा भारती, समीरा फातिमा, आस्था, ऋचा, निशि, प्रिंस, उज्ज्वल व मानविक आदि भी मौजूद रहे।



राहगीरों का मुंह मीठा कराते सदर विधायक। अमृत विचार




डीसीए की महिला क्रिकेटर्स को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई।

## भारत की जीत पर जमकर छुड़ाए पटाखे, पूरी रात झूमते रहे लोग

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को भारत और दक्षित अफ्रीका के बीच खेले गये टी-20 के फाइनल मैच में जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की, वैसे ही गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग झूम उठे और जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। इसके साथ ही लड्डू बांटकर मुंह मीठा कराया। लोग राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़क पर घूमते रहे। भारत की जीत का जश्न युवा, बुजुर्ग व बच्चों से लेकर हर किसी ने मनाया। वहीं विभिन्न जगहों पर हुयी आतिशबाजियों से आसमान सतरंगी हो गया। ढोल की थाप पर लोग जमकर झूमें और भारत माता की जय का उद्घोष करते दिखे। वहीं शुक्लागंज राजधानी मार्ग, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, गांधी नगर, नेहरू नगर, साकेतपुरी में युवाओं ने पटाखों के साथ ढोल ताशों पर झूमते रहे। वहीं युवाओं ने तिरंगा लेकर बाइक से निकले और भारत की जीत पर जश्न मनाया।



चंपापुरवा में जश्न मनाते लोग। अमृत विचार

# घटिया सड़क निर्माण से ग्रामीणों का चढ़ा पारा

संवाददाता, चकलवंशी उन्नाव

**अमृत विचार।** हादसे रोकने के नाम पर कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर मेथीटीकुर रेलवे स्टेशन व गांव के एक समपार रेलवे क्रासिंग बंद करने के लिए बनाई जा रही। यहां की सड़क के घटिया निर्माण से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। उन्होंने ठेकेदार से मनमानी न करने की सलाह दी। इसके बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि मानक का पालन नहीं किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मेथीटीकूर ग्राम पंचायत के बगल से ही बिठूर-लखनऊ मार्ग गुजरता है। रेलवे इस समपार रेलवे क्रासिंग को आवागमन के लिए बनाए रखते हुए करीब दो किलोमीटर दूर स्थित एक अन्य समपार क्रासिंग को बंद कर रहा है। बंद होने जा रही क्रासिंग का उपयोग करने वालों को भविष्य में रेल ट्रैक पार करने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके लिए दोनों समपर क्रासिंग को सड़क का निर्माण करा जोड़ा जा रहा है। इस बन रही सड़क के निर्माण को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश पनप है। ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं कि ठेकेदार नाममात्र की गिट्टी डालकर लेपन कराने की तैयारी में रोलर चलवा रहा है। गिट्टियों के साथ डस्ट के बजाए मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे यह सड़क बनते ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इसके बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवामन करने में हमेशा दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने डीआरएम मुरादाबाद को डाक से शिकायती पत्र भेजा है।



गिट्टियों के साथ डस्ट के बजाए मिट्टी भरकर चलाया जाता रोलर। अमृत विचार

# 24 घंटे में महिला समेत 4 ने फांसी लगाई

## सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में महिला का लटका मिला शव, सोहरामऊ में कर्ज से ऊबे युवक ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीते 24 घंटों के दौरान 4 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर (खांखरमऊ) गांव में एक महिला शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। वहीं सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरेहटा गांव में युवक ने घर में लगे पेड़ में फंदा बनाकर लटक गया। औरास थाना क्षेत्र में भी युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। बीघापुर क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा जान दे दी। संबंधित थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

**केस 01**

**बीघापुर** रावतपुर गांव निवासी शैलेंद्र कुरील (29) पुत्र गोवर्धन ने रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उल्टियां करते देख परिजनों को जानकारी हुई। इस पर वह उसे पास के स्वास्थ्य केंद्र लाए लेकिन उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। तभी रास्ते में उसकी मौत उसकी मौत हो गई। जांच में पुलिस को पता चला वह शनिवार को नशे में घर लौटा था। इसको लेकर घर कहासुनी हुई थी। वह किसानी करता था। उसकी पांच साल पहले शादी हुई थी लेकिन शराब का लती होने की वजह से उसकी पत्नी ने तलाक ले लिया था। जवान बेटे की मौत से मां मीना और अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ राजपाल ने बताया कि कोई आरोप नही लगाया गया है।

**केस 02**

**सफीपुर।** कोतवालीक्षेत्र बहाउद्दीनपुर (खांखरमऊ) गांव निवासी फकीरे राजमिस्त्री का कार्य करता है। वह शराब का भी लती है और अक्सर गांव में नशे में मारपीट करता है। उसकी पत्नी अनीता (40) कानपुर में एक निजी अस्पताल में काम करती है और रविवार को उसकी छुट्टी होने से वह शनिवार को गांव आती है। शनिवार को भी वह कानपुर से गांव आई थी। सुबह पड़ोसियों उसका शव कमरे में रस्सी के फंदे से पंखे में लटका देखा। बताया जाता है कि शनिवार को भी पति ने शराब पीकर गांव में किसी से मारपीट की थी। इसकी सूचना पर पीआरवी उसे कोतवाली लाई थी। चर्चा है कि पति की हरकतों से ऊब कर महिला ने फांसी लगा ली। एसएचओ श्याम नारायण सिंह बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**केस 03**

**सोहरामऊ।** थाना क्षेत्र दरेहटा गांव निवासी रावेंद्र उर्फ छोटू (25) पुत्र मानसिंह का अपने घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ में दुपट्टे से फंदे से लटक गया। सुबह सोकर उठे पिता ने उसका शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वह अपने पिता का इकलौता बेटा था। चर्चा है कि उसने कर्ज ले रखा था और इसी से परेशान रहता था। वहीं बेटे की मौत से पिता रो-रो कर बेहाल रहे। एसओ सुनील सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।



रावेंद्र।

**केस 04**

**औरास।** थानाक्षेत्र के नरसा गांव निवासी इंद्रपाल मौर्या का 24 वर्षीय बेटा संदीप शनिवार को खाना खा कर सोने गया था। रविवार को सुबह छोटा भाई अनिल टहलते हुए घर से करीब 500 मीटर दूर बाग की ओर गया। जहां आम के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से बड़े भाई का शव लटका देख उसकी चीख निकल गई। इसकी जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। बड़े भाई रज्जन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दिवंगत युवक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत से मां यशोदा सहित परिजन रो-रोकर बेहाल है।



संदीप।

## महिला और दो किशोरों को जहरीले कीड़े ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**बांगरमऊ उन्नाव।** अलग-अलग तीन गांवों में जहरीले कीड़े के काटने से एक महिला व दो किशोरों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हे सीएचसी पहुंचाया जहां से तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गोंदरी निवासी रामप्रकाश की पत्नी फूलकुमारी (35) रविवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी तभी कोठरी में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसके हाथ में काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं शनिवार को देर शाम बांगरमऊ नगर के मोहल्ला प्रेमगंज निवासी आशीष (14) पुत्र रामदास और हरियावर गांव निवासी अनुज (15) पुत्र रामचंद्र को भी किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। उनके परिजनों ने उन्हे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी हालत गंभीर होने से डाक्टर ने उनको जिला अस्पताल भेजा है।

# शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनाई खुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवारीय अवकाश के दिन परिषदीय शिक्षकों ने ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) का लाभ प्राप्त होना तय होने पर बैठक कर खुशी जताई। शिक्षक-शिक्षिकाएं पहले निराला उद्यान में एकत्र हुए और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। बाद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह के आवास पहुंचकर शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराने में सहयोग करते रहने के लिए आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि 25 जून को प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में कतिपय शिक्षकों को ओपीएस प्राप्त करने का अवसर दिए जाने का निर्णय हुआ था। उच्च न्यायालय ने संबंधित शिक्षकों को करीब एक साल पहले ओपीएस दिए जाने का फैसला जारी किया था, जिस पर अमल नहीं हो सका था। अब कैबिनेट के निर्णय के बाद 28 मार्च 2005 से पूर्व जारी विज्ञप्ति के आधार सेवारत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को ओपीएस का लाभ प्राप्त होगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि जिले के 750 शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाभांवित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार है। कहा कि 19 वर्षों तक निरंतर संघर्ष करने के बाद शिक्षकों को हक प्राप्त हो सका है। वक्ताओं ने कहा कि लड़ाई में शिक्षक विधायक निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन करते रहे हैं। साथ ही सरकार से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुढ़ापे की लाठी साबित होने वाली ओपीएस से लाभांवित किए जाने की मांग दोहराई। लिए गए निर्णय के तहत शिक्षकों ने शिक्षक विधायक के घर जाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर संगठन के जिला महामंत्री अमित सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया, महेंद्र कुमार, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, संजय सिंह, सुनील कुमार, प्रत्यूष मिश्रा, प्रदीप सोनकर, अतुल शुक्ला, रचना सिंह, नीतू त्रिपाठी, सूर्यकांत सिंह, सुषमा वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अजय त्रिपाठी, अभय बाजपेयी, संजीव कुमार दीक्षित, शिव सहाय तिवारी, साधना सिंह व सुरेंद्र कुमार आदि शिक्षक रहे।



बैठक के बाद निराला उद्यान में विक्ट्री साइन दिखाते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**● कहा, किसी भी शिक्षक से नहीं छीना जाना चाहिए ओपीएस**

# तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से लोडर चालक की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**● अचलगंज क्षेत्र में उन्नाव लालगंज हाईवे पर शनिवार देर रात हादसा**

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के कोरारी गांव के पास जेसीबी और लोडर की टक्कर हो गई। हादसे के बाद लोडर अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सहित तीन लोग उसी में फंस गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हे बाहर निकाला लेकिन तब तक चालक की मौत हो गई थी। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है।

फतेहपुर जिला के थाना किशनपुर क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी राजेंद्र उर्फ मुन्ना सिंह (54) लोडर चालक था। शनिवार देर रात वह मंडी से आम लादकर प्रयागराज जाने के लिए निकला था। इसके साथ सदर कोतवाली के ईदगाह शांति नगर मोहल्ला निवासी बउरा व एक अन्य व्यक्ति लोडर पर बैठा था। तभी उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के पास सामने से आई जेसीबी ने उसके लोडर में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप लोडर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और लोडर पलट गया। चालक सहित सभी लोग केबिन में फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और करीब एक घंटे मशक्कत के उन्हे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उनके परिजन उन्हे निजी अस्पताल लेकर चले गए। चालक के शव को मोर्चरी में रखवाने के साथ उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को इसकी सूचना दी।

# हत्या में कार्रवाई न होने पर एसपी आफिस के बाहर हंगामा

**फालोअप**

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** किसान की हत्या पर अजगैन पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाते हुए परिजन शव लेकर एसपी आफिस जाने लगे। पुलिस ने उन्हे रोकने का प्रयास भी किया लेकिन गुस्साए लोग पुलिस की घेराबंदी तोड़कर एसपी आफिस तक पहुंच गए। हंगामा होने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, हसनगंज एसडीएम व सीओ ने आर्थिक सहायता दिलाने व आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब जाकर नाराज लोग अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में 13 जून की रात घर के बाहर लेटे किसान रजनीश पर धारदार हथियार से हमला हुआ था। शनिवार को उसकी लखनऊ के ट्रामा सेन्टर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद बेटे साहिल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही विशाल, सुभाष, अजय सहित एक किशोर के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस जानलेवा हमला करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी लेकिन आरोपियों को पकड़ा नहीं गया। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर देर रात ग्रामीण घर लौटे और रविवार सुबह परिजनो ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत और कार्यवाही न करने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। इसमें उनके साथ ग्रामीण भी शामिल रहे। एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोग शव को लोडर में रख कर एसपी आफिस ले जाने पर अड़ गए। इस पर पुलिस ने उन्हे रोकने के कई जतन किए। आरोप है कि वाहनों की चाबियां भी छीनी गई लेकिन वह लोग मुख्य मार्ग से न जाकर किसी अन्य रास्ते से एसपी आफिस पहुंच गए और हंगामा किया। जानकारी पर वहां पहुंचे एसडीएम हिमांशु गुप्ता और सीओ हसनगंज ने उन्हे शांत कराया। ग्रामीण आर्थिक सहायता और कार्रवाई के आश्वासन पर माने और शव लेकर गांव लौटे। एसएचओ अवनीश कुमार ने बताया आरोपियों पर पूर्व में ही अभियोग दर्ज था। जिसमे तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है और हत्या धारा तरमीम कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं एसडीएम ने कहा भीड़ एकत्र न हो इसलिए परिजनों को रोका गया था। चाभी छीनने और परिजनों से अभद्रता के सवाल पर उन्होंने कहा ऐसा हुआ है तो जांच कराई जाएगी।



परिजनों को समझाते एसडीएम हिमांशु गुप्ता। अमृत विचार

**● अजगैन पुलिस की घेराबंदी को तोड़ कर पहुंचे एसपी आफिस**

**मानसून का इंतजार** गर्म हवाओं के साथ उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना हुआ दुश्वार, किसानों की पिछड़ रही बोआई

# किसानों के अरमानों को झुलसा रही आषाढ़ की तपिश

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** अप्रैल, मई और जून माह में पड़ी भीषण गर्मी से आम जन मानस बेहाल हो गये थे, इधर मानसून ने दस्तक तो दे दी है लेकिन अभी बारिश न के बराबर हुई है। जिससे आषाढ़ माह में भी चल रही गर्म हवाओं के साथ-साथ उमस भरी गर्मी से लोगों के लिए जीना दुश्वार हो गया है। वहीं बारिश न होने के कारण किसान बोआई नहीं कर पा रहे हैं।

आषाढ़ के महीने में बारिश न होने से किसानों के खेतों में हरियाली की जगह धूल उड़ रही है। आषाढ़ मास आने के बाद भी वर्षा न होने से किसान चिंतित हैं। वर्षा न होने से धान की फसल भी पिछड़ रही है। क्षेत्र के रहने वाले किसान मूंगफली, मक्का, सोयाबीन, धान, अरहर की बोआई करती है लेकिन न के बराबर बारिश होने के कारण उनकी फसलें पिछड़ रही है। वहीं इन्हीं फसलों के सहारे वह अपना परिवार चलाते हैं, किसानों ने बताया कि डीजल महंगा होने के कारण खेतों में पानी नहीं लगा पा रहे हैं, टकटकी लगाकर आसमान की ओर निहार रहे हैं, काले बादल तो छाते हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है। ऐसे में उनकी फसलों की बुआई पिछड़ रही है।



बारिश न होने से सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार



तालाब में पानी न होने से उड़ती धूल। अमृत विचार

### मुख्य विकास अधिकारी बोले

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि बारिश का मौसम आ गया। साथ ही जिन गांव के तालाबों का ग्रामीणों द्वारा ज्यादा उपयोग किया जा रहा है। वहां प्रधान और अधिकारियों के माध्यम से जानकारी की जाएगी और सूखे तालाबों में पानी भरवाया जायेगा।

### पिछड़ सकती है मूंग, तिल, उर्द की बोआई

किसानों ने बताया कि अगर एक-दो सप्ताह में बारिश नहीं हुई तो खरीफ की फसल से भरोसा उठ जाएगा क्योंकि मक्का, उर्द, मूंग, तिल की बोआई अंतिम जुलाई तक हो सकती है, लेकिन मानसून के आसार नहीं दिख रहे।

### ताल तलैया सब सूखे पानी को तरसे बेजुबान

इस बार जेठ माह में भी बरसात न होने की वजह से ताल तलैया सभी सूखे पड़े हुए हैं। जहां बेजुबान पशु पक्षी पानी को तरस रहे हैं। वहीं प्रभु से पानी की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं। आषाढ़ मास की शुरुआत में भी बारिश न होना से पशु-पक्षी भी पानी के लिये भटक रहे हैं।

### सरकार से लेकर सीडीओ के आदेश हुए बेअसर

भीषण गर्मी को देखते हुये योगी सरकार ने समस्त तालाबों को शीघ्र भरने के आदेश दिए थे। वही जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने भी पत्र जारी कर सभी विकासखंड अधिकारियों को आदेश दिया गया था सूखे पड़े सभी तालाबों को जल्द भरवाया जाए। इसके बावजूद धरातल पर आदेश सफेद हाथी साबित हुए।

# भव्य होगी इस बार तिरंगा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** नर सेवा-नारायण सेवा संस्था की सिविल लाइंस स्थिति संगठन कार्यालय में हुई बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियां शुरू करने का फैसला लिया गया। संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार तिरंगा यात्रा की भव्यता बढ़ी है। इसलिए इस बार अभी से तैयारी शुरू कर इसे अधिक गौरवपूर्ण बनाया जाएगा। साथ ही अन्य अभियान भी जारी रखने पर जोर दिया गया।

संस्था अध्यक्ष ने बैठक की शुरुआत में संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया। कहा कि विभिन्न तहसील, ब्लाक व निकाय क्षेत्रों में इकाईयों का गठन किया जाएगा। साथ ही संस्था की ओर से जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रमों को विस्तार देने की बात कही। कहा कि तिरंगा यात्रा को इस बार पहले से अधिक भव्यता से निकालना है। इस बार भी यात्रा में 151 मीटर लंबा तिरंगा शामिल किया जाएगा। हमेशा की तरह स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को ही यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा तुलसी पूजन दिवस यात्रा, पौधरोपण, गौ सेवा, स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्त अभियान, व शिवरात्रि पर भोलेनाथ की बारात निकालने पर भी चर्चा हुई। सभी ने महापुरुषों की जयंती मनाने और सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनसहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में हिंजामं के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, कमलेश बाजपेयी, योगेंद्र तिवारी, विष्णु गुप्ता, शैलेंद्र त्रिवेदी, आचार्य वाशु द्विवेदी, आशु दीक्षित, अखिल मिश्रा, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र पांडेय, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, परिमल मिश्रा, अनिल सोनी, केतन अवस्थी, आकाश यादव, मनीष यादव, सुरेश, इरफ़ान व अमित सोनी आदि मौजूद थे।



नर सेवा-नारायण सेवा संस्था की बैठक में सदस्यों से बात करते अध्यक्ष विमल द्विवेदी।

**● नर सेवा-नारायण सेवा संस्था कई वर्षों से निकाल रही यात्रा**

# बारिश के मौसम में सड़क पर दौड़ रहीं रोडवेज बसों के वाइपर गायब

## चालक को गाड़ी को रोक कर शीशों पर बारिश के पानी को हाथ से साफ करना पड़ रहा

**पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारिश का मौसम शुरू हो गया हैं लेकिन उन्नाव डिपो की कई बसों में शीशा साफ करने के लिए वाइपर ही नहीं हैं। ऐसे में इन बसों से सफर करना खतरे से खाली नहीं है। वहीं कई यात्री सीटों पर शीशे तक नहीं हैं। बसों की छत से पानी भी टपकता है।

शासन और मुख्यालय की सख्ती के बाद भी बसों की दशा नहीं सुधर रही है। बारिश के मौसम में बसों की हालत और ज्यादा खराब हो गई है। तमाम बसों के वाइपर गायब हैं। चालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बनाया की कुछ पुरानी बसों में वाइपर लगे तो हैं लेकिन चलते नहीं बारिश होने पर चालक के लिए आगे का दृश्य देखना मुश्किल हो रहा हैं। चालक को गाड़ी को रोककर शीशों को हाथ से साफ करना पड़ रहा है। अगर शीशा साफ न किया जाए तो हादसे का डर बना रहता है।

यदि दूर-दराज जाने वाली बसों को छोड़ दिया जाए तो काफी बसों की खिड़की के शीशे पूरे नहीं हैं। यहां तक की बारिश में सफर करने वाले यात्री सीट छोड़कर खड़े हो जाते हैं ताकि भीगने से बच सकें।


बस स्टॉप कर खड़ी रोडवेज बस।


रोडवेज बस के गायब शीशे।

**क्या बोले जिम्मेदार**

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश चंद्र वर्मा से जब इस संदर्भ में बात की गई तो उनका कहना था कि सभी बसों के वाइपर सही हैं। अगर किसी में नही चल रहे हैं, या खराब हैं तो फोरमैन से कहकर खराब वाइपर को सही कराया जाएगा।

**यात्रियों की बात सुनिए**


अधिकांश बसों में बारिश का पानी अंदर आता है। तो किसी की खिड़की क्षतिग्रस्त होने से पानी नहीं रुकतर। इससे यात्री और सामान भीग जाता है।

–अनुज मिश्रा, उन्नाव


अधिकांश पुरानी रोडवेज बसों की हालत खस्ता हो चुकी है। बारिश में बसों को छत से पानी टपकता रहता है। जिससे यात्रियों को सफर करने में परेशानी उठानी पड़ती है।

–अनुराग त्रिवेदी, जरगांव


कुत्ते के हमले से घायल पड़ा मोर।

## कुत्तों के हमले से घायल मोर का कराया इलाज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सरायं गांव में रविवार को राष्ट्रीय पक्षी पर आवारा कुत्तों ने हमला बोल दिया। जिससे वह घायल को गया। जानकारी पर पहुंचे गौरक्षक दल ने उसका इलाज कराया और वन विभाग को सूचना दी।

शंकरपुर सरायं गांव में रविवार को एक राष्ट्रीय पक्षी बागों से घूमता हुआ गांव पर पहुंच गया। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गौरक्षक दल के लोगों को दी। इसपर मिली जानकारी पर पहुंचे गौरक्षक दल के अध्यक्ष नीरज सिंह ने घायल मोर का इलाज कराया। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी।

# बीघापुर रेलवे स्टेशन में इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम हो गया शुरू


सहायक स्टेशन मास्टर कक्ष में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए स्थापित किया गया सिस्टम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के बीघापुर रेलवे स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग व्यवस्था की शुरुआत हो गई। इससे न सिर्फ ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि रेल यात्रा अधिक सुरक्षित हो सकेगी। इस व्यवस्था के तहत स्टेशन की जद में आते ही ड्यूटी पर तैनात एएसएम संबंधित ट्रेन को आगे बढ़ते हुए देख भी सकेंगे।

रेलवे को अत्याधुनिक सुविधायुक्त किया जा रहा है। अब तक एएसएम ट्रेन को स्टेशन के प्लेटफार्म पर लेने के लिए केबिनमैन का सहयोग लेते थे। इस व्यवस्था में चूक की संभावना रहती थी। अब एएसएम ही केबिन से होने वाले कार्य को करते हुए ट्रेन को प्लेटफार्म पर लेने की व्यवस्था करेंगे। रेल अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए की गई है। इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग व्यवस्था को रेल अधिकारी सुगम व सुरक्षित बताते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि बीघापुर स्टेशन पर 30 रूटों के इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही कानपुर-रायबरेली रेल रूट स्थित समपार रेलवे क्रासिंग संख्या-01 (एलसी-99) पर स्लाडिंग बैरियर में बदल दिया गया है। इन कार्यों से केंद्रीकृत ट्रेन संचालन किया जा सकेगा।

# छत पर सोता रहा परिवार, ताला तोड़ कर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर चौकी अंतर्गत राम नगर मोहल्ले में रहने वाला एक परिवार शनिवार रात छत पर सो रहा था, तभी अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते पर लगे दरवाजे में कुंडी लगा दी। जिसके बाद मुख्य दरवाजे पर लगे दो तालों को तोड़कर कमरे में पहुंच गये। जहां बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

राम नगर निवासी इस्माइल सब्जी बेचने के अलावा शादी बारातों में उनकी दूल्हे की बग्घी चलती हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद उन्होंने मुख्य दरवाजे में ताला लगा दिया। जिसके बाद बाहर से बने जीने से छत पर पत्नी उजमा परवीन, बेटी आयशा रैनी के साथ सोने चले गये। इस दौरान अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते में लगे दरवाजे में कुंडी लगा दी। जिसके बाद मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और कमरे में पहुंच गये। जहां चोरों ने कमरे में रखी आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर दो सोने के हार, चेन, मांग बेंदी, दो अंगूठी के अलावा चांदी के हाथ के फूल, दो जोड़ी पायल ढाई-ढाई सौ ग्राम, एक चांदी का हार, बच्चे के हाथ के कड़े, पायल व 15 हजार की नकदी समेत तीन लाख से अधिक का माल चोरों ने पार कर दिया। सुबह उठने पर बाहर से दरवाजा बंद होने पर आवाजा लगाई। जिस पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला। मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूट देख उनके होश उड़ गये। कमरे का बिखरा सामान देख गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की जानकारी दी। बिंदा नगर चौकी पुलिस ने जांच की। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहरीर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।


चोरों द्वारा बिखराया सामान दिखाते दंपति। अमृत विचार

## सेवानिवृत्त होने पर वन क्षेत्रीय अधिकारी को दी विदाई

**उन्नाव।** वन विभाग के द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजित किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने समारोह में पहुंचकर उन्हें विदाई दी। प्रेम शंकर तिवारी सेवानिवृत्ति होने पर रविवार को दही थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग की ओर से अधिकारियों ने वस्त्र पुस्तक देकर व माला पहनकर विदाई दी गई। अधिकारियों ने वृक्षारोपण से लेकर विभागीय कार्यों को लेकर प्रशंसा की गई।

सेवानिवृत्ति होने पर प्रेम शंकर तिवारी ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर करते हुए कहा कि रिटायरमेंट एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हर एक को किसी न किसी दिन रिटायर होना है। हां इतना जरूर है, कि साथी का बिछड़ना हमेशा कष्टदायक होता है। साथ ही अपने जीवन के विचार भी कर्मचारियों के साथ साझा किये।

# ऑटो चालक समेत 4 के शव पहुंचे घर, मचा हाहाकार

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- रोडवेज बस और ऑटो की भिड़ंत में गई थी चार लोगों की जान

**अमृत विचार।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में शनिवार को उन्नाव हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद मोड़ पर तेज़ रफ़्तार रोडवेज बस ने विपरीत दिशा से आ रही ऑटो रिक्शा के जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गए थे और चालक सहित उसमें बैठे चार यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि दो यात्री गंभीर घायल हो गए थे। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद चारों शव घर पहुंचे। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

बांगरमऊ अंतर्गत ग्राम बल्लापुर निवासी चालक रामचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद अपने आटो रिक्शा में बांगरमऊ स्थित तिकोनिया पार्क से सवारियां बैठाकर मल्लावां हरदोई जा रहा था। तभी रास्ते में हरदोई की ओर से तेज गति से आ रही हरदोई डिपो की रोडवेज बस ने ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में ऑटो रिक्शा चालक रामचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी बल्लापुर सहित श्रीकृष्ण पुत्र गुलाब निवासी पंपापुर थाना बांगरमऊ कोतवाली, सुनील उर्फ कल्लू निवासी खेतहरा गंज जलालाबाद हरदोई व लक्ष्मण निवासी ग्राम हज़रत पुर थाना मल्लावां हरदोई की मौत हो गई थी।

जबकि गंभीर रूप से घायल रामसनेही निवासी ग्राम जोगी कोट थाना बेहटा मुजावर और बब्लू निवासी मुन्नू मियां तलैया कस्बा बांगरमऊ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मृतकों के घर लाए जाते परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पुत्रियां शैलेन्द्री व अर्चना तथा महेंद्र शव देखते ही रोने लगे। मृतक की पत्नी और मां-बाप की मौत पूर्व में ही हो चुकी है। वहीं मृतक लक्ष्मण का शव देखकर पत्नी रंजना बेहोश हो गई।

# युवती की हत्या करने वाला भाई का साला भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र में गला रेतकर हुई युवती की हत्या का रविवार पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आलाकत्ल चाकू भी बरामद हुई है। हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर हुई थी और युवती के सगे भाई के साले ने वारदात को अंजाम दिया था।

माखी थाना क्षेत्र के अमलोना निवासी सरदार यादव की बेटी मोहनी (22) की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस हत्या की जांच के दौरान रात से सुबह तक घटनास्थल के पास एक्टिव मोबाइलों को सर्विलांस पर लगाया था। इसमें पता चला कि युवती के बड़े भाई अजय का साला सुनील निवासी बाबूखेडा थाना अचलगंज ने युवती से बात की थी। उसके और युवती का प्रेम प्रसंग था लेकिन उसने शादी कर ली थी। 28 जून की रात सुनील मोहनी से मिलने पहुंचा और उसकी हत्या कर दी। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि युवक को रायबरेली मार्ग पर लोहचा मोड़ से गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया।


आरोपी सुनील।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** जिला फर्रुखाबाद के ग्राम कलुआ पुर रूमानी निवासी योगेन्द्र कुमार (28) अपने बीमार मित्र को देखने के लिये बाइक से किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ जा रहा था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम जोगी कोट के पास शनिवार देर शाम अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक चालक योगेन्द्र कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आए 57 मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. शिप्रा झा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 57 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, खून की कमी, गर्भवती महिला व अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**बिजली व्यवस्था** | 3 कनेक्शन काट कर 9 .75 लाख के बकाया की हुई रिकवरी

# बकायेदारों के खिलाफ चला अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर में बड़े बकायेदारों की बिजली विभाग ने लंबी फेहरिस्त बनाई है। इसके बावजूद उनके खिलाफ अभियान नहीं चलाया जा रहा था, जिस पर रविवार को एक्सईएन ने मातहतों की क्लास लगाई। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने नगर के कई मोहल्लों में जाकर अभियान चलाकर कई के कनेक्शन काटने के साथ ही उनसे राजस्व वसूला।

रविवार को अधिशाषी अभियंता सूर्यादय कुमार ने शुक्लागंज सबस्टेशन के उपखंड़ अधिकारी समेत अबर अभियंताओं की क्लास लगाई। जहां उन्होंने कहा कि नगर में कई बड़े बकायेदार पड़े हुये हैं। इसके बावजूद न तो उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और न ही बिजली का बिल जमा कराया जा रहा है। एक्सईएन के निर्देश पर रविवार को बिजली कर्मी सड़क पर उतरे। जहां टीजी 2 वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग पाल, पिंटू, रोहिंत समेत अन्य विजली कर्मियों ने मिश्रा कालोनी, पोनी रोड, ब्रह्मनगर, शक्तिनगर, गंगानगर, राजमार्ग, आसाम बंगाल में अभियान चलाया। इस दौरान बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे और उनसे बकाया बिजली का बिल जमा कराया। अभियान में 9 लाख 75 हजार बकाया राशि और तीन बिजली कनेक्शन काटे गये हैं।


बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते बिजली कर्मी। अमृत विचार

## दशरथ ने राम को राजा बनने का लिया था निर्णय

**उन्नाव।** सदर तहसील के कोलुहागाड़ा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन कथावाचक पं. भव्य शंकर अवस्थी ने कथा में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी के प्रसंग को सुनाया।

व्यास ने प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि जनकपुरी में माता सीता से विवाह के बाद भगवान श्रीराम प्रजा के साथ बाजे-गाजे सहित अयोध्या पधारे। इधर राजा दशरथ ने संन्यास मार्ग ग्रहण करने का निर्णय ले लिया एवं श्रीराम को राजगद्दी सौंपने का मन बनाया। राज्यसभा में दशरथ की मंशा को भांप कर महामंत्री ने श्रीराम चंद्र के राज्याभिषेक का विचार रखा। जिसे एकमत से सभी सभासदों ने स्वीकार कर लिया। मुख्य यजमान शिवांकर मिश्रा, रजनीश, राहुल द्विवेदी, शशिकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।


साकेतपुरी की गली में डंप ठेकेदारों की निर्माण सामग्री। अमृत विचार

# सड़क पर निर्माण सामग्री डंप करने की ईओ से शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के साकेतपुरी की एक गली में पालिका के ठेकेदारों ने भारी मात्रा में निर्माण सामग्री डंप कर रखी है। जिस कारण गली में रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिसे देखते हुये क्षेत्रीय लोगों ने पालिका के अधिशाषी अधिकारी से शिकायत की है। वहीं लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत करेंगे।

नगर पालिका के वार्ड 16 साकेतपुरी पॉश इलाका है। मोहल्ले की एक गली काफी चौड़ी है। जिसे देखते हुये पालिका के कई ठेकेदारों ने फोरलेन से लेकर गली के अंदर तक जगह-जगह गिट्टी, मौरंग आदि निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिये हैं। चौड़ी गली होने के बावजूद सड़क संकरी हो गई है। जिससे चौपहिया वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। वहीं मौरंग पड़ी होने के कारण अक्सर बाइक सवार ब्रेक लगाते हैं। जिससे वह गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कई बार ठेकेदार से गली में निर्माण सामग्री न डंप करने को कहा। इसके बावजूद गली में सामग्री डंप की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### पारिवारिक विवाद को लेकर भाई को पीटा, रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के बसधना गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। जिस पर एक ने बेटे के साथ मिलकर दूसरे भाई को मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। बसधना गांव निवासी महेन्द्र सिंह ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि शुक्रवार रात उसका अपने भाई बुधई से पारिवारिक विवाद हो गया। जिस पर वह गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर बुधई और भतीजे हाकिम सिंह ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसका सिर फट गया। घायलावस्था में कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पासी समाज ने धूमधाम से मनाई वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के पासी समाज के लोगो ने रविवार को धूमधाम से वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। नगर के पासी समाज ने रविवार को ऊदा देवी पासी की जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मानाई। कार्यक्रम के तहत पासी समाज का गौरव ऊदा देवी पासी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बारे में जानकारी दी गई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ने बताया कि 16 नवम्बर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस का परिचय देते हुए 36 अंग्रेज़ी सैनिको को मौत के घाट उतारकर वीरगति को प्राप्त हो गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद पासी, दीपक रावत, विवेक रावत, राम बाबू, आकाश वर्मा, राकेश रावत, शिवा पासी, संतोष रावत, डॉ. मोहन रावत, शशि कांत, विशाल पासी मुन्नी लाल पासी मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजकुमार हमराहियों के साथ गशत पर थे, तभी पुलिस ने ग्राम दरियापुर निवासी शहाबुद्दीन पुत्र बफाती को कल्याणी नदी पुल से गिरफ्तार किया। प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था। पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

### पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**बांगरमऊ उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर बांगरमऊ पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। रविवार को दरोगा वीरेन्द्र विक्रम सिंह हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस ने ग्राम चकपीर नगर निवासी जमुना प्रसाद को गांव के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े आरोपी का कोर्ट से वारंट जारी हुआ था, उसी को लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही की गई है।

### रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अंतिम संस्कार को तैयार हुए परिजन

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के खरझारा गांव में शराब ठेका की रखवाली करने वाले सेल्समैन के बेटे का शव रस्सी ठेके के बगल में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम के शनिवार को शव गांव पहुंच गया था। रविवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर पुनः पोस्टमार्टम कराने की मांग पर अड़ गए। हंगामा बढ़ता देख तीन थानों की पुलिस शाम तक परिजनों को समझाती रही। बाद में गांव के युवकों पर रिपोर्ट दर्ज होने पर वह लोग शांत हुए। थाना क्षेत्र के खरझारा गांव के शराब के ठेके की रात में रखवाली करने वाले प्रदीप का शव शनिवार को रस्सी से लटका मिला था। पिता गंगाधर उसी ठेके में सेल्समैन का काम करते है। रविवार सुबह भीम आर्मी के बुलावे पर भारी संख्या में वहां भीड़ एकत्र हो गई। भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला सचिव शिवेन्द्र गौतम, विधानसभा अध्यक्ष पूजा गौतम, नगर अध्यक्ष दीपक धानुक आदि लोग मौके पर पहुंच कर मामले का खुलासा करने की मांग करने लगे। मामला बढ़ता देख थ बारासगवर, बीघापुर व बिहार थानों से फोर्स बुलाया गया। परिजन गांव के युवकों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे लेकिन हैंगिंग से मौत की बात सामने आई। इस पर वह पुनः पोस्टमार्टम की मांग करने लगे। पिता ने बताया गांव रोहित पुत्र वीर पाल, कमलेश सिंह पुत्र उदयपाल सिंह, राम प्रताप उर्फ राजू पुत्र राम नरेश से बेटे का उधार शराब के लेनदेन में झगड़ा हुआ था। उन्ही लोगो ने हत्या कर उसका शव लटकाया है। बारासगवर पुलिस ने तहरीर में नामजद तीनो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।

### करंट की चपेट में आने से गोवंश की मौत

**औरास।** विद्युत पोल से करंट उतरने से पशुपालक का गोवंश चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। औरास थाना क्षेत्र के पेरौरी गांव निवासी अर्जुन पुत्र शिवपाल के घर के पास विद्युत पोल के सपोर्ट सिस्टम में बारिश के कारण विद्युत पोल से करंट उतर आया। जिससे किसान अपने गोवंश को खेतों से लेकर आ रहा था तभी गोवंश करंट की चपेट में आ गया। जब तक बचाने का प्रयास करते तब तक गोवंश की मौत हो गई। किसान ने पशु विभाग के अधिकारियों को सूचना दी हैं। वहीं किसान ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार, चार घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत लेन पर जा पहुंची और क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक और एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बिहार प्रांत के थाना घनश्यामपुर अंतर्गत ग्राम लगमा निवासी गणेश पोद्दार (40) अपनी पत्नी जयमाला देवी (35) और परिवार की ही रुचिमा देवी (37) को लेकर कार से झारखंड से ग्रेटर नोएडा जा रहा था। कार गांव का ही चंद्र भूषण चला रहा था। रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट रविवार सुबह चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए विपरीत लेन पर स्थित पुलिस चौकी के सामने जा पहुंची। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी पुलिस और यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त कार को हाइड्रा के जरिए लेन से अलग हटाकर आवागमन बहाल कराया।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

# इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून



नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता',2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे,क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है,जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर,आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्टॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्जुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता,1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी,जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच,सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्टॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग,कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है,जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की निःशुल्क प्रति प्राप्त होगी,जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉव लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं ,15 वर्ष के कम आयु के बच्चों,60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)


नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने,कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने ,पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं,उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता,कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई,जिनमें दोहरा समिति 1993,मसिपथ समिति 2003,माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है,जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी,तलाशी,जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे " सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है,जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है,लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह,पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# संविधान में आस्था का मतलब



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर


आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है,जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता,क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है,वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था,भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म,जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है,जहां जाति-पाति,ऊंच-नीच ,गरीब-अमीर, शासक-शासित,स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित,धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी,प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है,वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

# भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया,इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है,जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था,वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो,लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था,यह मुझे ज्ञात नहीं है,लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

# ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं,जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं,जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

# आषाढ़ तेरे विविध रंग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है,जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है,अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखाः"आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया,तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले,जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है,जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं.नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

# वेंकैया गारू: भारत की सेवा में समर्पित जीवन

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था,


नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

> 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

# छत पर सो रहे परिवार पर बोला धावा, गोली मारकर युवक की हत्या

## समुदाय विशेष के करीब दर्जन भर लोगों ने शनिवार की देर रात घटना को दिया अंजाम, परिवार को लाठियों को पीटकर किया घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पाली के युवराज सिंह हत्याकांड का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि एक और युवक की गोली मारकर हत्या की घटना सामने आई है। युवराज सिंह हत्याकांड के 30वें दिन हुई एक और घटना से लोगों में आक्रोष फैल गया है। पाली के खेमपुर गांव में शनिवार की रात घर में घुसे हमलावरों ने छत पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके मां-बाप व बहन-बहनोई को लाठी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। देव कुमार के भाई जय किशोर ने पुलिस को तहरीर दी है। घटना की जानकारी होते हुए क्षेत्र में तनाव फैल हो गया। एसपी, एएसपी पूर्वी व सीओ शाहाबाद के पहुंचने के बाद आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार खेमपुर भी पहुंचे। आईजी ने जांच पड़ताल के बाद पुलिस की लापरवाही मिलने पर मातहतों को फटकार लगाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात पाली थाने के खेमपुर निवासी देवकुमार, पत्नी दयावती, पुत्र अमन, पुत्री पूजा और दामाद राजवीर, बेटी का पुत्र विश्राम निवासी अल्लागंज शाहजहांपुर के साथ मकान की छत पर सोया हुआ था। उसी बीच असलहे व लाठियां लेकर रिजवान, इश्तियाक, रहमान, अबरार अली, तौफीक व जावेद, अबरार अली निवासी शाहाबाद ने धावा बोल दिया। आरोपियों ने छत पर चढ़कर वहां सो रहे परिवार पर हमला बोल दिया। अमन, दयावती, देव कुमार, पूजा और राजवीर को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया।


एसपी से जानकारी लेते आईजी प्रशांत कुमार। अमृत विचार


अमन की फाइल फोटो।

इसके बाद तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें अमन और दयावती घायल हो गए। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी भाग निकले। घायलों को तत्काल सभी को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से अमन और दयावती को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया, वहां रविवार की सुबह अमन की मौत हो गई। रविवार को पूरे इलाके में तनाव फैल गया। एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे। वहां का माहौल भांप कर पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई। उसके बाद एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा खेमपुर पहुंचे। उसके बाद खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार ने पहले तो वारदात के बारे में पड़ताल की। उन्होंने वहां के लोगों से पूछताछ करते हुए क्राइम कंट्रोल के बारे मातहतों से सवाल-जवाब किए। आईजी लखनऊ जोन ने साल 2023 और 2024 का क्राइम रजिस्टर तलब कर उसे बारीकी पढ़ा। उसके बाद मातहतों को कड़ी फटकार लगाई और इस मामले में फौरी कार्रवाई करते हुए आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी के खड़े निर्देश दिए। अमन की हत्या के बारे में कोई तो प्रेम-प्रसंग बता रहा है, वहीं कुछ रुपयो के लेनदेन को लेकर वारदात होना बता रहे है। फिलहाल पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन करने में जुटी है।

बताते चलें कि इससे पहले 30 मई को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में छात्र युवराज सिंह को गोली मार कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी।

### आईजी ने कहा, ऐसे कैसे होगा क्राइम पर कंट्रोल

खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार के तेवर काफी उखड़े हुए लग रहे थे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि सीओ व एसएचओ कुछ भी न करें और दरोगा सिर्फ वसूली करें। ऐसे क्राइम कंट्रोल कैसे होगा? आईजी के इतना कहते ही वहां खड़े अफसर और मातहतों एक दूसरे की बगले झांकते नज़र आए। आईजी दो टूट लहजे में कह गए कि इसमें कोई भी ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

### यूपी-112 में तैनात दो एसआई समेत 48 का किया गया तबादला

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने महकमें को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए फेरबदल करते हुए यूपी-112 में तैनात दो एसआई समेत 48 पुलिस कर्मियों का तबादला किया है। एसपी ने यूपी-112 में तैनात एसआई विनोद कुमार को माधौगंज और एसआई अरविंद कुमार पाण्डेय को कोतवाली देहात भेजा है। इसी तरह यूपी-112 में तैनात हेड कांस्टेबिल उमाशंकर को सुरसा व हेड कांस्टेबिल अशोक कुमार को बघौली थाने रवाना किया है। साथ ही 27 कांस्टेबिल और 17 महिला कांस्टेबिल का भी तबादला किया है।

### मुठभेड़ में पुलिस ने हत्यारोपियों को पकड़ा, पैर में लगी गोली

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने पाली के खेमपुर में हुए अमन की हत्याकांड में 24 घंटे के दौरान ही बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया। पुलिस और हत्यारोपियों के साथ हुई मुठभेड़ दो हत्यारोपी पकड़ लिए गए। सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात खेमपुर गांव में हुई अमन की हत्या के मामले उसके ताऊ जय किशोर की तहरीर पर 7 आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था।पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उसी बीच रविवार की शाम को हत्या में शामिल आरोपी रिज़वान निवासी सराय कमालुद्दीनपुर व खेमपुर निवासी तौफीक के कहारकोला के पास छिपे होने की जानकारी मिली, जिस पर पुलिस की टीम ने कहारकोला मोड के आसपास अपना जाल बिछा दिया। वहां छिपे आरोपी रिज़वान व तौफीक ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, बचाव में पुलिस ने गोली चलाई, दोनों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दोनों हत्यारोपियों के पैर में गोली लगी और वही गिर पड़े। पुलिस ने उन दोनों को दबोच लिया। जहां से उन्हे गिरफ्तार कर इलाज के लिए सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।। सीओ शाहाबाद श्री मिश्रा ने बताया कि फरार चल रहे हत्यारोपियों की भी तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





### पीड़ित परिवार से मिलीं उच्च शिक्षा मंत्री, बंधाया ढांढस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** खेमपुर गांव पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने गोली कांड में मारे गए अमन राजपूत के परिजनों से मिलीं और उन्हें सांत्वना देकर हर संभव सहयोग करने तथा जल्द गिरफ्तारी कराने का आश्वासन दिया। खेमपुर गांव शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र का गांव है। बीती रात अमन राजपूत की मामूली विवाद के चलते गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में अमन राजपूत की गर्भवती बहन भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसका लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। घटना की खबर पाकर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी खेमपुर गांव पहुंची। यहां अमन राजपूत के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव कार्रवाई कराने का आश्वसन दिया। उन्होंने कहा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और वह पीड़ित परिजनों का पूर्ण सहयोग करेंगी। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू मौजूद रहे।


पीड़ित परिवार की महिलाओं को ढांढस बंधातीं उच्च शिक्षा मंत्री।

### चेकिंग के दौरान उतारी गई लाल-नीली बत्ती

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** लोनार कोतवाली इलाके में वाहन चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष ने भारत सरकार लिखी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से लाल-नीली बत्ती उतरवा दी। गाड़ी का चालान भी किया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में वीआईपी कल्चर पर यूपी पुलिस अभियान चला रही है। इसी दौरान एक गाड़ी लाल नीली बत्ती लगाकर उधर पहुंची तो उसे रोक लिया गया। पूछने पर पता चला कि यह गाड़ी फर्रुखाबाद की है। जांच पड़ताल हुई तो पता चला कि लाल नीली बत्ती अवैध रूप से लगी है। इस कार में फतेहगढ़ निवासी दिनेश सिंह भदौरिया और उनके भाई विमलेश सिंह भदौरिया सवार थे। लाइट हटवाकर वाहन का चालान कर दिया गया।

### विकास में बाधक है आलस्य: डा. शिवशरण

**हरदोई, अमृत विचार।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की स्थानीय इकाई ने सीएसएन महाविद्यालय सभागार में रविवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में तमाम विषयों पर चर्चा की गई। गोष्ठी में आलस्य त्याग पर चर्चा की गई। आलस्य करने वालों की सहायता कोई नहीं करता है। यह बात डा. शिवशरण सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कही।

समिति ने वृद्धजनों के लिए निःशुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर लगाने पर भी निर्णय लिया। गोष्ठी में डा. ब्रम्हस्वरूप पांडेय, डा. नरेश चंद्र शुक्ला, डा. शीला पांडेय सहित तमाम विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखे।

कार्यक्रम | नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के समापन दिवस पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रही संस्कार भारती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पं. बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मंदिर अल्लीपुर में विद्याभारती द्वारा हुए नवीन आचार्य प्रशिक्षण दिवस के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी विभाग संघ चालक उन्नाव शिव स्वरूप सिंह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों का नवीन आचार्या बहनों के तिलक बंधन व वैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन किया गया तथा वंदना का कार्यक्रम हुआ। मंच संचालन श्रावस्ती संभाग के संभाग निरीक्षक कैलाश वर्मा के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेशका स्वागत जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रत्येक निरीक्षक मिथलेश स्वास्थ्य के द्वारा किया गया। संस्कृति बोध परियोजना की नवीन संकरण का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी के द्वारा किया गया। लोकार्पण बोध परियोजना के प्रांतीय संयोजक ब्रह्मचारी के द्वारा करवाया गया। प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा परिषद अवध प्रदेश प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी के द्वारा सम्पूर्ण वर्ग का वृत्य कथन कहा गया। विभाग संघ चालक उन्नाव शिव स्वरूप सिंह ने संघ के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा नवीन आचार्यो का मार्गदर्शन किया। मंत्री ने कहा कि विद्या भारती ऐसे व्यक्ति का निर्माण करें अच्छे शिक्षक तैयार करें। विद्या भारती बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने का निरंतर प्रयास करती रहती है। विद्या भारती आचार्यो को प्रशिक्षण देती है कि वह बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दे सके। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा विद्या भारती शीर्षेन्दुशील त्रिवेदी विपिन, साकेत संभाग मिथिलेश सिंह, लखनऊ संभाग निरीक्षक श्याममनोहर शुक्ल, प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख देवेंद्र पाल सिंह, गणमान्य व्यक्ति, व्यवस्था के आचार्य तथा नवीन आचार्य प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।


पुस्तक का विमोचन करतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

### पूरी सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करें कर्मचारी: डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ग्राम विकास अधिकारियों व ग्राम पंचायत अधिकारियों के स्थानांतरण के सम्बन्ध में उनसे संवाद किया। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों से उनके स्थानांतरण के विकल्पों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों को स्थानांतरित किया जायेगा। जिस कर्मचारी की किसी स्थान पर कोई विशेष शिकायत हो तो उस स्थान पर उसे न भेजा जायेगा, सभी कर्मचारी पूरी सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। कोई शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### ब्लाक मुख्यालय के सामने सड़क बनी तालाब

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में रविवार को तेज बारिश होने से सड़क पर जलभराव हो गया। राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। बताते चले आषाढ़ माह के चलते भीषण उमस भरी गर्मी से लोग हद से ज्यादा परेशान थे, वहीं दूसरी तरफ रविवार को दोपहर बाद लगभग आधा घण्टे की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत और जगह-जगह पर जलभराव हुआ। ब्लॉक मुख्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर बरसात का पानी भर गया, जिससे राहगीर परेशान होते हैं। गांव में नालियां गन्दगी से पटी हुई हैं, जिससे पूर्ण तरीके से पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। इसके चलते अक्सर बरसात के समय सड़क पर पानी भरा रहता है। इस ओर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ती।


# रिचार्ज के दाम बढ़ाना मनमानी, सरकार लगाए लगाम

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

बोले उपभोक्ता

अमृत विचार। आम जनता पर महंगाई का बढ़ता हुआ बोझ दिखने लगा है। रोजमर्रा की सभी चीजें पहले से ही महंगी हैं। मोबाइल कंपनियों ने 4 जुलाई से पैसे बढ़ाने की घोषणा कर दी है जिसकी मार अमीर गरीब सभी पर पड़ेगी क्योंकि मोबाइल का प्रयोग छोटे-बड़े सभी स्तर के लोग कर रहे हैं। मोबाइल कंपनियों द्वारा 15 से 17 प्रतिशत तक की गई बढ़ोतरी से आम आदमी पर काफी असर पड़ेगा। आम आदमी रोजमर्रा की चीजों पर हुई महंगाई से पहले से ही परेशान है, ऊपर से मोबाइल कंपनियों ने अपने दामों में बढ़ोतरी करके जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। मोबाइल कंपनियों ने दिसंबर 2021 में आखरी बार 20% की बढ़ोतरी की थी। लोकसभा चुनाव से पहले यह कयास लगाए जा रहे थे कि चुनाव संपन्न होने के बाद सबसे पहले मोबाइल कंपनियां अपने रिचार्ज में बढ़ोतरी की घोषणा करेंगी और वही हुआ। सबसे पहले रिलायंस जिओ कंपनी ने अपने पोस्टपेड और प्रीपेड रिचार्जों की कीमतों में 15 से 17% की बढ़ोतरी की घोषणा की है। इससे आम आदमी पर काफी बोझ बढ़ जाएगा। क्योंकि मोबाइल का प्रयोग छोटे और बड़े सभी स्तरों पर बराबर से किया जाता है। इस संबंध में संवाददाता ने नगर के कुछ चुनिंदा लोगों से रायशुमारी की। अधिकांश लोगों ने रायशुमारी के दौरान मोबाइल कंपनियों द्वारा बढ़ाई गई कीमतों पर सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है।


हसन अख्तर खां।


चौधरी उमेश गुप्ता।


उमैर खां।


अधिवक्ता आदित्य शुक्ला।


महेंद्र कुमार वाल्मीकि।

नगर के प्रतिष्ठित **हसन अख्तर खां** का यह सूचना मिली है कि टेलीकॉम कंपनियां तीन जुलाई से मोबाइल के रिचार्ज पर पैसे बढ़ाने जा रही है। मुझे ऐसा लगता है कि इन टेली कॉम कंपनियों पर सरकार का कोई अंकुश नही है । यह जब चाहती हैं रिचार्ज पर पैसे बढ़ा देती हैं जब चाहती हैं महीने के तीस दिन को अट्ठाइस दिन में बदल देती है। सरकार को विशेष ध्यान देकर इन कंपनियों पर सख्ती से अंकुश लगाना चाहिए क्योंकि इस से गरीब जनता प्रभावित होती है।

कपड़ा कारोबारी एवं समाजसेवी **चौधरी उमेश गुप्ता** का कहना है महंगाई की मार अब मोबाइल रिचार्ज पर भी हो गई। मोबाइल आज हर इंसान की जरूरत हो गई है। हर गरीब, अमीर के हाथ में मोबाइल है। मोबाइल की कीमत जो भी हो लेकिन रिचार्ज पर होने वाला खर्च गरीबों और अमीरों का बराबर ही होता है। जियो ने अपने रिचार्ज में लगभग पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि करके गरीब लोगों की दिक्कत बढ़ाने का काम किया है। रिचार्ज की कीमतें दो से पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए।

राजकीय ठेकेदार **उमैर खान** का कहना है मोबाइल कंपनियां हर बार मनमाने ढंग से अपने रिचार्ज में मनमानी बढ़ोतरी करती हैं। इस पर सरकार का अंकुश होना चाहिए और एक मानक निर्धारित होना चाहिए कि इस मानक के अंतर्गत ही मोबाइल कंपनियां अपने रेट बढ़ा सकती हैं। सब कुछ केंद्र सरकार के हाथ में है। केंद्र सरकार को चाहिए कंपनियों की मनमाने बढ़ोतरी में हस्तक्षेप करें और बढ़ोतरी की दर प्रतिशत कम कराये।

**अधिवक्ता आदित्य शुक्ल** का कहना है कि मोबाइल रिचार्ज पर आए दिन हो रही महंगाई से आम जनता पर खास फर्क पड़ रहा है जिसका दंश सरकार को झेलना पड़ सकता है। केंद्र सरकार को चाहिए कि जनहित के लिए इस मुद्दे पर ध्यान दे और एक निर्धारित मूल्य की घोषणा करे जिससे जनता को राहत मिल सके।

**समाजसेवी महेंद्र कुमार वाल्मीकि** का कहना है जिओ का रेट बढ़ने से देश की लगभग आधी आबादी की जेब पर फर्क पड़ेगा। जिओ के हर प्लान पर लगभग 40 से 50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ऐसा भी हो सकता है कि यह 4जी को समाप्त करके 5जी के प्रमोशन की एक थीम हो, क्योंकि 5जी डाटा 4जी से पहले से ही महंगा है जो की लोग कम प्रयोग करते थे। 4जी के कारण अब जब 4जी भी लगभग उसी रेट में हो जाएगा, तो इंसान 5जी पर ही आश्रित हो जाएगा।

## एक नजर

### ई-रिक्शा चालक और उसके साथियों पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। बेझा चौराहे पर आम विक्रेता ने दो लोगों के विरुद्ध मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मनदीप कुमार ने बताया कि वह बेझा चौराहे पर आम की ठेली लगाता है। ग्राम बबुराई निवासी मदने ने जान बूझकर ई रिक्शा से ठेली में टक्कर मार दी, जिससे उसके आम सड़क पर गिर जाने से नुकसान हो गया। पीड़ित उसने नुकसान का पैसा मदने से मांगा तो उसने आम विक्रेता को गाली गलौज करते हुए पीटा। शोर सुनकर उसका भाई कुलदीप कुमार बचाने आया तो विपक्षी ने उसे भी पीटा। कुछ देर बाद मदने अपने दो तीन अज्ञात साथियों के आया और पीड़ित को पुनः मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति सहित दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### 23 साल के युवक के साथ किया कुकर्म, मुकदमा दर्ज

हरदोई। पांच युवकों 23 वर्षीय युवक को बहाने से बुलाकर पहले नशा कराया। इसके बाद उसके साथ कुकर्म किया। पीड़ित युवक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। शहर के सर्कुलर रोड निवासी नावेद, मोमिनाबाद निवासी फरहान, कन्हई पुरवा निवासी आलम और मन्नापुरवा निवासी हिमांशु पर केस दर्ज किया गया है।

# गोष्ठी में आज से लागू होने वाले नए कानूनों की दी गई जानकारी

हरियावां-मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। थाना हरियावां परिसर में 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों की जागरूकता के लिए गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष भावना भारद्वाज ने लागू होने वाले नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा आए हुए संभ्रांत नागरिकों और मीडिया कर्मियों से अपील की कि क्षेत्र के नागरिकों को नये कानूनों के बारे में बताएं ताकि क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे। मल्लावां संवाददाता के अनुसार कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर नागरिकों को जागरूक करने के लिए बैठक का आयोजन क्षेत्राधिकारी बिलग्राम की अध्यक्षता में बुलाई गईं। उनके द्वारा बताया गया कि तीन क़ानून जो ब्रिटिश काल के समय बनाए गए थे उनमें वर्तमान समय यानी अमृतकाल के समय बदलवा किया गया जो एक जुलाई से लागू होंगे। इस मौके पर कोतवाल निर्भय सिंह, चौकी इंचार्ज राघौपुर संजय राय, प्रधान सचेन्द्र सिंह, त्रिलोकी सिंह, सुनील शुक्ला, उत्तम मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद है।

### एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाने की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक जगहों पर अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया और उनका हौसला बढ़ाया। बेहटा गोकुल थाने की महिला पुलिस एंटी रोमियो टीम रोजाना सुबह और शाम को जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में काफी समय से सुस्त चल रही एंटी रोमियो टीम को पुलिस अधीक्षक ने कड़े निर्देश जारी कर एक्टिव किया है। नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन व महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को बेहटा गोकुल टोडरपुर शिरोमन नगर मानपुर सकाहा में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बेटियों को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। महिलाओं / बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 एवं थानों के सीयूजी नंबर के बारे में बताया।



### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। इनरव्हील क्लब ने जनपद में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर अग्रवाल धर्मशाला में क्लब अध्यक्ष सुप्रिया सेठ के कुशल नेतृत्व में हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सर्वोत्तम टीम द्वारा करवाया गया। यह बताया गया कि इस टीम ने हड्डी; पेट तथा सामान्य रोग से संबंधित कई विषयों की जानकारी दी तथा स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही साथ आरबीएस, वजन, लंबाई, पीएफटी इत्यादि की भी जांच की।

# पति की पिटाई से पत्नी का हुआ गर्भपात, कोर्ट के आदेश पर केस

## विवाह के बाद अतिरिक्त दहेज के लिए महिला को किया गया प्रताड़ित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। दहेज़ में बाइक और एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति ने गर्भवती पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसके गर्भपात हो गया। कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए गए केस में कहा गया है कि तीन बेटियों के बाद ससुराल वाले गर्भपात कराने का दबाव बना रहे थे, वही दबाव न मानने पर ससुराल वालों ने हैवानियत वाला बर्ताव किया।

बताया गया है कि पिहानी कोतवाली के रामपुर दहेलिया निवासी सियाराम ने अपनी पुत्री सुमित्रा उर्फ सुमित कुमारी की शादी टड़ियावां निवासी जगदीश के पुत्र मोहित के साथ साल 2019 में 6 मई को की थी। सुमित्रा उर्फ सुमित कुमारी ने कोर्ट में दाखिल की अर्ज़ी में कहा है कि शादी के कुछ ही दिनो बाद उसे कम दहेज़क के ताने दिए जाने लगे। पति मोहित के अलावा ससुर जगदीश, सास रसीला, देवर रोहित और ननद प्रीति पत्नी मान सिंह निवासी कुतुवापुर बिलग्राम दहेज़ में बाइक व एक लाख रुपये की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। शादी के बाद सुमित्रा उर्फ सुमित कुमारी के तीन बेटियां हुई और चौथी बार फिर गर्भवती हुई तो पति फिर से बेटी होने की बात कहते हुए उसके ऊपर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा, जैसा कि सुमित्रा उर्फ सुमित कुमारी का कहना है कि इसी साल 13 मार्च को पति मोहित ने गर्भ की हालत में उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, आस-पड़ोस के लोग आ गए तो उसकी जान बची। उसके बाद ससुराल वालों ने उसे और उसकी छोटी-छोटी बेटियों के साथ घर से बाहर निकाल दिया। तबियत बिगड़ने पर इलाज कराने के दौरान उसका गर्भपात हो गया। उसने ससुराल वालों के इस हैवानियत वाले बर्ताव की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद उसने कोर्ट का सहारा लिया। टड़ियावां पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति, सास-ससुर, देवर व ननद के खिलाफ दहेज़ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई पूजा को सौंपी गई है।

# कोर्ट के आदेश पर पांच माह बाद दबंगों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला मौलागंज निवासी एक व्यक्ति पर फायर कर जानलेवा हमला करने वालों पर न्यायालय के आदेश पर घटना के पांच महीने बाद केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शाहाबाद कोतवाली के मौलागंज और हाल निवासी इमाम चौक पाली के नुरुल एन खान ने बताया कि उनका एक मकान शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला माता के तालाब में है। पीड़ित के अनुसार वह 11 जनवरी को मकान के बाहर दीवार बनवा रहा था। तभी जाहिर खां, यासिर खां, हारिश खां पुत्रगण कासिम रजा निवासी वाजिद खेल अपने साथ दो तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके पास आए और दीवार बनाने से मना करते हुए कहा हम तुम्हे शाहाबाद में नहीं रहने देंगे। अपना मकान हमें बेच दो। उसने मकान बेचने से इंकार कर दिया, तो विपक्षी जाहिर खां ने अपना पिस्टल निकाल कर उसके सीने पर लगा दिया और अन्य लोगों से दीवार गिरवा दी, उसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। बकौल पीड़ित जाहिर ने उस पर पिस्टल से फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया। विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। तब उसने डीएम, एसपी, सीएम सभी को प्रार्थना पत्र भेजे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि न्यायलय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अनुकम्पा आधारित नियुक्ति पत्र बांटे

संवाददाता, हरदोई,


अमृत विचार। होमगार्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नव निर्मित मृदु संवाद सभागार का शिलापट से पर्दा हटाकर एवं फीता काट कर उद्घाटन किया। कमांडेंट मनोज कुमार के साथ कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

नव निर्मित सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत लोकसभा चुनाव में दिवंगत होमगार्ड जवान को श्रद्धांजलि के साथ हुई। जिलाधिकारी ने दिवंगत जवान की बेटी एवं अन्य नौ अनुकम्पा आधारित नियुक्ति पत्र जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किये और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 जवानों को गोल्ड, 10 को सिल्वर मैडल के साथ 20 अन्य जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये तथा सहायक जिला कमांडेंट महेश प्रसाद को होमगार्ड बल के योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि होमगार्ड जवान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए जवान अपने अनुशासन की परंपरा भविष्य में भी बनाये रखें और जवानों की सेवाएं निश्चित ही प्रशंसनीय हैं। जिलाधिकारी ने कार्यालय की व्यवस्था के लिए जवानों की सराहना की। कमांडेंट मनोज कुमार ने कहा कि अच्छे कार्य की प्रशंसा से जवानों का मनोबल बढ़ता है और चुनाव में जवानों ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के अंत में कमांडेंट द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व आदि उपस्थित रहे।


होमगार्ड जवान को सम्मानित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पूरे देश में सद्भावना और स्थिरता को देगा बढ़ावा : गौसिया खान

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। भारत दुनिया को शांति का संदेश देने में पूरी तरह सक्षम है. भारतीय समाज में मुस्लिमों को अपनी राष्ट्रीयता पर गर्व है कि वे भारतीय नागरिक हैं. उन्हें अपने संविधान पर भी गर्व है .यह बात मुस्लिम राष्ट्रीय मंच लखनऊ मण्डल की संयोजक गौसिया खान ने कही। जनपद के भृमण के दौरान सण्डीला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हम एक साझा उद्देश्य के साथ आगे आए हैं. हमने भारतीय ज्ञान के बारे में बहुत कुछ सुना है. हम जानते हैं कि भारतीय ज्ञान ने मानवता के लिए बहुत योगदान दिया है. हम जानते हैं कि शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व में रहना हमारा एक साझा उद्देश्य है। गौसिया खान ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पूरे देश में सद्भावना और स्थिरता को बढ़ावा देने पर काम कर रहा हैं। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के अभ्यास वर्ग का उद्देश्य राष्ट्रवादी मुस्लिम समुदाय समरस समाज के साथ जोड़ना और देश की मुख्यधारा में लाना है।


































## एक नजर

### असलहा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**नैमिषारण्य, सीतापुर।** नैमिषारण्य पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। निम्बार्क आश्रम निवासी राधामोहन को पुलिस ने एक असलहा एवं 315 बोर की 2 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नैमिषारण्य पंकज तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### कमरे में लटकता मिला बुजुर्ग का शव

**कमलापुर, सीतापुर।** कस्बे के स्टेशन रोड पर घर के कमरे में उमाशंकर शुक्ल उर्फ नवीन(60) पुत्र गोविंद वल्लभ का लटकता हुआ शव मिला। कमरे से दुर्गंध आने पर पुत्र ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसमें पिता का शव लटका देख पुलिस को सूचना दी। ऋषभ और उसकी पत्नी दोनों सुबह चले जाते थे। शव 48घंटे पुराना लग रहा था। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथमदृष्टया मामला हैंगिंग का लग रहा है।

### फायरिंग व जानलेवा हमले के तीन वांछित गिरफ्तार

**झरेखापुर, सीतापुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने तीन आरोपियों को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया गुजरा गांव मे हुई फायरिंग व जानलेवा हमले के मामले मे वांछित गुजरा गांव निवासी पिंटू सिंह उर्फ अभयप्रताप, नगर कोतवाली के विजय लक्ष्मी नगर निवासी क्षितिज मिश्रा व मुंशीगंज निवासी पारस को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन तमंचे व तीन कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

# भाई की अर्थी उठने के समय गमगीन भतीजियों को पीटा, किया हंगामा

## जमीन के लालच में अंत्येष्टि में नहीं शामिल हुए चार सगे भाई


अर्थी उठने के समय भतीजियों से मारपीट करते व्यापारी के भाई। अमृत विचार

**दबंगई**
- पीड़ितों ने पुलिस को दी तहरीर तीन का हुआ चालान

संवाददाता, सदरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** व्यापारी के पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार में उसके भाइयों ने उत्पात मचाया और गमगीन परिवार के साथ मारपीट भी की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के भाइयों को हिरासत में लिया है।

सदरपुर कस्बे में शनिवार की दोपहर सोने-चांदी के व्यापारी राजकुमार पोरवाल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के लिए पार्थिव शरीर रविवार की सुबह करीब 11 बजे श्मशान घाट ले जाया जा रहा था। इसी दौरान राजकुमार के सगे भाई अवधेश, अशोक, मनोज, संतोष पुत्रगण हनुमान प्रसाद अंतिम संस्कार शामिल न होकर हंगामा करने लगे और मृतक के दामादों और बेटियों को गालियां देते हुए लात-घूंसों से पीटने लगे। जब तक उपस्थित ग्रामीण कुछ समझ पाते और बीच बचाव करते तब तक मौके पर थाना सदरपुर पहुंची और मामले को शांत कराकर अंतिम संस्कार करवाया। मारपीट में व्यापारी की बेटी शगुन, शारिका, प्रिया, दिव्यांशी, अनामिका को चोटें आई हैं। वहीं मारपीट के दौरान मृतक की पत्नी के गले में पड़ी सोने की चेन और एक जोड़ी झाले कहीं गिर गए हैं। मारपीट में शामिल लोगों के विरुद्ध मृतक की पुत्री विधि पोरवाल ने रविवार को दोबारा प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पत्नी माधुरी पोरवाल ने बताया कि उनके कोई बेटा नहीं हैं, 6 बेटियां हैं। तीन की शादी हो चुकी है। राजकुमार के सगे भाई और बहन कई बार उसकी जमीन को हथियाने की कोशिश कर चुके हैं। बीते शनिवार को राजकुमार पोरवाल की बेटी विधि पोरवाल ने थाना सदरपुर में शिकायती पत्र देते हुए मारपीट करने की आशंका जताई थी और बताया था कि विपक्षियों ने उसकी मां और पिता का फोटो सोशल मीडिया पर अपशब्द लिख कर वायरल कर दिया और फोन पर नरसंहार की धमकी देकर प्रापर्टी हथियाने की बात कही थी। अंतिम यात्रा के दौरान आशंका सच साबित हो गई। थाना सदरपुर में तैनात सीनियर सबइंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया है कि पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर संबधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तीन लोगों का चालान किया गया है।

# कूड़ा व कीचड़ से पटीं गांव की सड़कें

संवाददाता, सांडा, सीतापुर

**अमृत विचार।** सकरन ब्लॉक मुख्यालय की ग्राम पंचायत सांडा में नियमित साफ-सफाई के अभाव में गांव की सड़कें कूड़े-कीचड़ व गंदगी से पट गई हैं। गंदगी से उत्पन्न हो रही दुर्गंध से ग्रामीणों को जहां अत्यंत परेशानी हो रही है, वहीं गंदगी मच्छरजनित बीमारियों से ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीण दिनेश, राकेश, रामकुमार, प्यारेलाल, सरोज कुमार, रामजीवन, राम प्रसाद, रामपाल, अरुण कुमार, हरिनाम, अवधेश, दयाशंकर, फिरोज, बबलू, राजाराम, सर्वेश, सुंदरलाल, मनोज कुमार, जगदीश, रमेश प्रसाद, महेश कुमार, रामचंद्र, रामलखन आदि ने बताया कि गांव की अधिकांश सड़कों पर नियमित साफ-सफाई और जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़कें गंदगी और कूड़े से पट गई हैं। थोड़ी सी बारिश में सड़कों पर गंदगी और कीचड़ फैल जाता है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से भी ग्रामीण प्रभावित होते हैं। पंचायत सचिव शिवमंगल मिश्रा ने बताया कि सड़कों पर फैली गंदगी की सफाई करवा दी जाएगी। वहीं एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव ने बताया कि साफ-सफाई में सहयोग न करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।


मार्ग पर फैला कूड़ा-कीचड़ व गंदगी। अमृत विचार

# सिरप की शीशी के अंदर मिलीं मृत चीटियां

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** सिरप की शीशी के अंदर मृत चींटियां मिलने का आरोप एक उपभोक्ता ने लगाया है। उसने इस मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग में की है।

लेखपाल रजनीश कुमार सोनकर ने ऑनलाइन शिकायत में आरोप लगाया है कि डॉक्टर की सलाह के बाद उन्होंने नगर स्थित मोहन जी मेडिकल स्टोर से एक सिरप खरीदा। प्रार्थना पत्र के अनुसार लेखपाल ने जैसे ही शीशी खोली तो बोतल में मृत चीटियां मिलीं। उन्होंने बताया कि अगले दिन वापस करने वह मेडिकल स्टोर पहुंचे तो दुकानदार ने दवा वापस करने से मना कर दिया। हालांकि कई घंटे बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने दवा खरीद की रसीद उन्हें दी। स्टोर संचालक ने बताया कि उपभोक्ता ने दवा रात में खोल दी थी। इस कारण शीशी में चींटियां घुस गयी थीं।


शीशी के कैप में चीटियां।

## खेत में भैंस जाने के विरोध पर की मारपीट

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खेत में भैंस चले जाने का विरोध करने पर विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट की। नूरपुरकी सुशीला देवी पत्नी अरविंद कुमार मौर्य ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार की सुबह करीब 9.30बजे मोहम्मद अहमद, बाबू, तौफीक, नकौहा ने उसके घर आकर गालियां दीं। साथ ही मारपीट भी की। बहू बीच-बचाव करने लगी तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा। आरोपियों की भैंस पीड़ित परिवार के खेतों में फसलों को लगातार चर रही थी। इसका विरोध किया तो वे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के साथ उनके घर पर पथराव भी किया। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# लहरपुर में नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** बरसात में नगर में जलभराव न हो, इससे निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद के निर्देशानुसार पहले से ही नगर में नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसका समय-समय पर अध्यक्ष निरीक्षण भी करते रहते हैं। नगर में चल रही नालों की सफाई के बाबत पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने बताया कि नगर में नालों की सफाई का कार्य पहले से ही जेसीबी मशीन सफाई कर्मचारियों से युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। ज्यादातर नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ नालों की सफाई का कार्य अब भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। बहुत जल्द ही नगर के सभी नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा।


नाले की सफाई करते कर्मचारी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** मोहल्ला लोखरियापुर निवासिनी एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। रविवार को नगर के मोहल्ला लोखरियापुर निवासिनी राबिया (18) पुत्री कुद्दूस को परिजनों ने देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर उसकी मौत हो गई। युवती की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस संबंध में नगर चौकी प्रभारी राम आसरे चौधरी ने बताया कि परिजनों ने कोई भी तहरीर नहीं दी है न ही आरोप-प्रत्यारोप लगाया है।

# पिकअप के धक्के से युवक घायल

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार।** तंबौर-लहरपुर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर के निकट साइकिल सवार एक व्यक्ति को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

भरत (40) पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रैघटा मजरा गोदियानपूरवा साइकिल से अपने गांव जा रहा था, तभी तंबौर की तरफ जा रही पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। ग्रामीणों के अनुसार पिकअप के ओवरलोड होने की वजह से हादसा हुआ। घायल भरत को निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। ग्राम रैघटा प्रधान छोटू वर्मा ने उसे अपने निजी वाहन से इलाज के लिए लखीमपुर खीरी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने पिकअप को रोक लिया है।


दुर्घटनास्थल पर खड़ी पिकअप।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत बाइक की टक्कर से अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कर्मलकुइया निवासी गोलू अपने ताऊ हरिपाल (48) के साथ बाइक से मूड़ाकला की तरफ से घर लौट रहा था। बरगावां चौराहे पर बाइक रोककर ताऊ पानी पीने के लिए सड़क पार कर रहे थे उसी दौरान बरगावां निवासी बाइक सवार कमलेश ने ताऊ हरिपाल को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया उसे सीएचसी लाया गया जहां से हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### हाईस्कूल के मेधावी छात्र को किया सम्मानित


मेधावी छात्र को सम्मानित करते विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र अभिषेक कुमार निवासी ग्राम करसैवरा को रविवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर के प्रबंधक आशीष मेहरोत्रा व प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आशीष मेहरोत्रा ने छात्र अभिषेक कुमार के उज्जल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा ने बताया कि, अभिषेक कुमार ने हाईस्कूल परीक्षा में 581 अंक पाकर प्रदेश की वरीयता सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था। इसके चलते सरस्वती विद्या मंदिर परिवार द्वारा रविवार को विद्यालय प्रांगण में उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आचार्य छोटेलाल, मुन्नालाल, अनिल सिंह, जयशंकर शुक्ला, सत्यम श्रीवास्तव सहित सभी आचार्य उपस्थित थे।

### सड़क के गड्ढों में जलभराव से हादसे की आशंका


रामपुर मथुरा से गोंडा देवरिया रोड पर जगह-जगह भरा पानी।

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुर मथुरा से गोंडा देवरिया मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। दो-तीन दिन हो रही बरसात के कारण रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे रास्ते में पानी भरा रहता है। आम दिनों में लोग इधर-उधर सड़क से होकर निकल जाते थे, लेकिन पानी भर जाने के कारण ये पता ही नहीं चलता कि गड्ढा कहां पर है।ऐसे में हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है। साथ ही भारी वाहन निकलने से पैदल व साइकिलसवारों के कपड़े भी अक्सर कपड़े खराब हो जाते हैं। रामपुर मथुरा से बहादुरगंज तक यह रोड अत्यंत खराब स्थिति में है। इसी रोड पर बाराबंकी डिपो की बसें तथा सीतापुर व कैसरबाग से भी इस रोड पर बसे चलती है रोड खराब होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई घनश्याम यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार को दो-तीन बार चिट्ठी लिखी जा चुकी है, जल्द ही मरम्मत का काम किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर में 120 का लोगों का हुआ परीक्षण



बजरंग दल द्वारा आयोजित शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

**सीतापुर, अमृत विचार।** बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत रविवार को काशीराम कॉलोनी प्रखंड में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन की जांच की गई तथा उल्टी, बुखार, जोड़ों के दर्द की दवा नि :शुल्क बांटी गई। काशीराम कॉलोनी में सेवा सप्ताह में लगभग 120 के आसपास लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सेवा में लगे सूरज राजपूत, रामजी तिवारी, गोपाल सिंह, डॉक्टर कमलेश दीक्षित ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। उत्तम सिंह प्रांत संयोजक बजरंग दल स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रमोद सिंह जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, नगर मंत्री संदीप सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# आक्रोशित लोगों ने घेरा पावर हाउस

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी मे भी कई दिनों से बिजली गुल होने से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार देर शाम पॉवर हाउस का घेराव कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव में बीती 24 जून से बिजली गुल है। कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन समस्या का हल नहीं निकाला गया। मजबूरन ग्रामीणों को पॉवर हाउस का घेराव करना पड़ा।

मामला विकास क्षेत्र बिसवां की ग्राम पंचायत क्योंटी बादुल्ला का है यहां के रहने वाले जैनुल ने बताया कि उनके गांव मे बीती 24 जून को ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गयी थी परंतु गांव मे बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई जा सकी। इससे नाराज ग्रामीणों ने शनिवार शाम सीतापुर रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित पॉवर हाउस का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन भी किया। हद तो यह थी कि मौके पर कोई भी जिम्मेदार मौजूद नही था जबकि सूबे के मुखिया के सख्त आदेश है कि अधिकारी अपने ड्यूटी स्थल को नही छोड़ेंगे।


पावर हाउस का घेराव करते उपभोक्ता। अमृत विचार

## 11 वांछित और वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने 11 वांछितों और वारंटियों को गिरफ्तार किया। थाना रेउसा पुलिस ने तीन वांछित वीरेंद्र कुमार, त्रिभवान और लज्जावती पत्नी त्रिभुवन निवासी मूरतपुर को गिरफ्तार किया है। तंबौर पुलिस ने सर्वेश कुमार और जयदेवी को गिरफ्तार किया। सकरन पुलिस ने वारंटी रामनाथ, महोली पुलिस ने वांछित विपिन उर्फ गोलू निवासी कचूरा को, तालगांव पुलिस ने वारंटी दीपू उर्फ रजनीश निवासी कादीपुर थाना खीरी जनपद लखीमपुर को पकड़ा। कोतवाली देहात पुलिस ने पिंटू सिंह उर्फ अभय प्रताप निवासी गुजरा, क्षितिज मिश्र निवासी विजय लक्ष्मी नगर व पारस निवासी मुंशीगंज को गिरफ्तार किया।

# शादी कराने का झांसा देकर बिचैलियों ने लगाया चूना

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार।** शादी कराने का झांसा देकर बिचैलियों ने एक युवक को हजारों का चूना लगा दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर ठगों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला पिसावां के सेजखूर्द का है। रामसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि ब्रजलाल निवासी ग्राम बेलगावां सिंगरैया थाना इमलिया सुल्तानपुर और हरद्वारी निवासी आंबी थाना पिसावां ने भतीजे रामनरेश की शादी बिहार से कराने की बात कही थी। आरोपियों ने नकदी, कपड़ों और जेवरात ले चलने की बात कही। वर और परिजन बिहार पहुंचे। केसनू और राकेश भी इनके साथ गए थे। पीड़ित ने बताया कि बिहार के वैशाली के थाना महुआ के दयालपुर पहुंचकर ठगों ने 80 हजार की नकदी और लगभग 80 हजार के जेवरात और अन्य सामान ब्रजलाल के कहने पर केसनू और राकेश के सुपुर्द कर दिये। ठगों ने युवक के परिजनों को मंदिर पर भेज दिया और साथ ही लड़की को तैयार कर मंदिर पहुंचाने के लिए कहा। काफी समय तक मंदिर पर इंतजार करने के बाद जब वहां कोई नहीं पहुंचा तो लड़की के घर जा पहुंचे तो पता चला कि ठगों ने लड़की पक्ष वालों को नकदी, जेवरात और कपड़े आदि नहीं दिए। साथ ही वह सभी चले गए।

**बरतें सावधानी** — आशाएं घर-घर जाकर बताएंगी ओआरएस घोल बनाने का तरीका, बच्चों में बांटे जाएंगे ओआरएस के पैकेट

# आज से अगले माह अगस्त तक चलेगा डायरिया रोको अभियान

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में बच्चों को डायरिया की संभावनाएं बढ़ने लगती हैं। इसी को देखते हुए पांच साल से कम उम्र के बच्चों में डायरिया के दौरान ओआरएस और जिंक के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके प्रबंधन, उपचार व परामर्श के लिए एक जुलाई से डायरिया रोको अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान जुलाई और अगस्त माह तक चलेगा।

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि बारिश के दिनों में आस-पास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को डायरिया हो सकता है। यह दूषित भोजन और पानी के माध्यम से संचरित होता है। इस मौसम में रोगाणु अधिक आसानी से और तेजी से बढ़ते हैं। इसका एक कारण रोटा वायरस भी है। डायरिया के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन होने की समस्या बढ़ जाती है। यदि दस्त संक्रमण के कारण होता है तो बच्चे में मतली, उल्टी, वजन कम होना, बुखार और खाने की इच्छा न होने जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। कई बार ये समस्या जानकारी न होने के कारण जानलेवा भी हो सकती है, इसलिए स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखाएं। सीएमओ ने बताया कि इस बार अभियान की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान निर्धारित की गई है। अभियान में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में दस्त प्रबंधन, उपचार और परामर्श पर जोर दिया जाएगा। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्त से ग्रसित बच्चों के परिजनों को ओआरएस घोल बनाने की विधि सिखाएंगी।

### पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर होगा विशेष ध्यान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख रूप से पांच वर्ष से कम उम्र के ऐसे बच्चे जो दस्त से ग्रसित हैं, कुपोषित हैं, कम वजन के हैं,उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा अतिसंवेदनशील क्षेत्र जैसे शहरी मलिन बस्ती, दूर दराज के क्षेत्र, खानाबदोश, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट भट्ठों आदि में रहने वाले परिवारों पर ध्यान दिया जाएगा। सफाई की कमी वाली जगहों पर निवास करने वाली आबादी पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित हुआ हो, पर विशेष रणनीति बनाकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ओआरएस पैकेट एवं जिंक टैबलेट का वितरण एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं के अनुसार गृह भ्रमणों के दौरान किया जाना है।

### क्या करें, क्या न करें

- खाना बनाने, परोसने, खिलाने से पूर्व तथा कोई गंदे या दूषित पदार्थ के हाथ से संपर्क में आने पर अच्छी तरह हाथ धोएं।
- देर तक बाहर या खुले में रखा भोजन या फल न खुद खाएं और न ही बच्चों को खिलाएं।
- दस्त होने पर ओआरएस का घोल, छाछ, मट्ठा, ताजे फल का ताजा जूस बिना चीनी के, चावल का माड़ का पानी, दाल का जूस, सादा स्वच्छ जल बार-बार दें।
- अगर ओआरएस उपलब्ध न हो तो आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें।
- दस्त होने पर उम्र के अनुसार जिंक की गोली दें, बरसात के मौसम में क्लोरीन की गोलियां पीने के पानी की टंकी में डाले
- ओआरएस, जिंक के बाद भी दस्त में सुधार न हो तो एम्बुलेंस 102 से एक साल तक के बच्चों तथा इससे ऊपर के बच्चों को 108 सेवा की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भेजें।
- बच्चों को आयु के अनुसार सभी ड्यू टीकाकरण अवश्य करायें।
- अपने घर और आस-पास साफ सफाई रखे, पानी न जमा होने दें, नालियों की सफाई नियमित करें।

## एक नजर

### जहां लगा पथ संकेतक वहीं हुई घटना

**गोला गोकर्णनाथ।** शाहजहांपुर गोला स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण करते समय सरकार ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए जगह जगह पथ संकेतक लगाकर वाहन चालकों को सचेत करने का प्रयास किया हैं। लोग वाहन चलाते समय पथ संकेतकों का ध्यान नहीं रखते जिससे दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ जाता है। मोहम्मदी रोड पर कंजा देवस्थान के पास जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है उसी स्थान पर पथ संकेतक लगा है। यदि कार चालक पथ संकेत को अमल में लाता तो वाहन की स्पीड कम कर देता जिससे दुर्घटना से आसानी से बचा जा सकता था। अक्सर वाहन चालकों द्वारा पथ संकेतों को अमल में न लाने और उसे नजरंदाज करने से दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है।

### गोरखपुर प्राणि उद्यान भेजा गया शावक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहम्मदी महेशपुर वनरेंज में देवीपुर बीट के ग्राम भगतपुर में शुक्रवार को मिले बाघ के डेढ़ माह के शावक को वनकर्मियों की निगरानी में एसी गाड़ी से गोरखपुर प्राणि उद्यान भेज दिया है। वनकर्मियों की टीम भगतपुर में कांबिंग कर रही है। रामपुर निवासी कल्लू ठेकेदार के भगतपुर स्थित गन्ने के खेत में बाघ के शावक की सूचना पर शुक्रवार को पहुंचे वनकर्मियों ने डेढ़ माह के शावक को पकड़कर महेशपुर जंगलात कोठी लाए। जहां शाम को उसे गाय के दूध में पानी मिलाकर दिया गया, मुर्गे के कीमा में हल्दी मिलाकर सूप पिलाया गया। उसके बाद उसे एसी गाड़ी से कर्तनियांघाट के डॉ दीपक, उप प्रभागीय वनाधिकारी अभयप्रताप सिंह की निगरानी में गोरखपुर के प्राणी उद्यान भेजवाया गया। टीम गोरखपुर पहुंचकर शावक को गोरखपुर के प्राणी उद्यान के अधिकारियों के संरक्षण में सौंपकर टीम वापस आ गई है। रेंजर नरेशपाल सिंह ने बताया कि गोरखपुर में शावक की देखभाल और सुरक्षा भी रहेगी। फारेस्टर जगदीश प्रसाद वर्मा ने बताया कि भगतपुर के आसपास क्षेत्रों में वनकर्मी निगरानी कर रहे हैं। गांव वालों को सतर्क कर बताया गया है कि वह खेत की ओर समूह में जाएं। फिलहाल बाघिन के क्षेत्र में होने की आशंका कम है। जो पगचिन्ह मिले हैं वह चौकोर हैं।

# पहली बरसात से राहत, जलभराव से आफत

## शनिवार देर रात हुई बरसात से तापमान में आयी गिरावट, दोपहर में निकली तेज धूप ने बढ़ाई उमस

संवाददाता, सीतापुर


**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और तपिश के बीच लम्बे समय के अंतराल के बाद मानसून की पहली बरसात शनिवार देर रात हुई। बरसात के बीच रविवार सुबह घने बादलों की आवाजाही से मौसम खुशनुमा रहा, लेकिन दोपहर बाद निकली धूप से लोगों को तपिश का अहसास हुआ। देर रात करीब 1 घंटे तक हुई बारिश से सुबह तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मानसून की पहली बारिश को लेकर लोगों को लम्बे समय से इन्तजार था। भीषण गर्मी और तपिश से बेहाल लोगो का जनजीवन अस्त व्यवस्त था। शनिवार देर रात हुई रुक-रुक कर बारिश से जहां शनिवार को तापमान 38 डिग्री से गिरकर 30 से 32 डिग्री रहा है। वहीं दोपहर बाद निकली हल्की धूप ने लोगों को उमस का अहसास कराया है। मानसून की पहली बारिश कुछ राहत लेकर आई तो कई तहसील क्षेत्रों में नाला सफाई न होने से मिश्रिख तहसील जाने वाले मार्ग पर जलभराव की समस्या हो गई। रविवार के दिन अवकाश होने से लोगो को किसी प्रकार की दिक्क्तों को सामना नहीं करना पड़ा। शहर में हुई हलकी बारिश से सड़कों में मौजूद गड्ढो में ही जलभराव देखने को मिला है। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो आगामी 24 घंटे में मानसून के सक्रिय होते ही भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है।


बारिश के चलते तहसील मार्ग पर जलभराव के बीच गुजरता दिव्यांग।


ग्रामीण इलाके में बरसात के बाद सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

आप सभी को उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय पीडीए के नेता सपा सुप्रीमों राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।


गुरुप्रीत सिंह (जार्जी)
प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख, पलिया कलां खीरी।


महमूद हुसैन खां
पूर्व चैयरमैन, नगर पालिका पलिया कलां खीरी व वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी।

### दुकान में घुसे अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार।** खुटार रोड पर लाइट हाउस की दुकान में अजगर के घुस गया। भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अन्य दुकानदारों के सहयेग से बोरी में बंद कर वन विभाग को सौंप दिया है, जिसे जगल में छोड़ दिया गया है। भारतीय बजरंग दल के जिला गोरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता को सूचना मिली कि खुटार रोड रंगीला लाइट हाउस की दुकान पर एक अजगर घुस आया है। गौ रक्षा प्रमुख ने उसे एक बोरी में बंद कर लिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर आए वन विभाग के कर्मचारी को बोरी सहित अजगर को सौंप दिया गया, जिसे वनकर्मी ने जंगल में छोड़ दिया है।

## सार-संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार


**महमूदाबाद, सीतापुर।** कोतवाली इलाके के शादीपुर निवासी एक तस्कर को पुलिस ने एक तमंचा व तीन कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। विदित हो कि उस पर लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमे भी थाना महमूदाबाद, थाना सदरपुर, थाना रामपुर मथुरा व जनपद बाराबंकी में दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महमूदाबाद प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम ने ग्राम शादीपुर निवासी रंजीत वर्मा पुत्र हरिप्रसाद (45) निवासी ग्राम शादीपुर को एक तमंचा 12 बोर व तीन कारतूस 12 बोर के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया है। रंजीत के विरुद्ध चोरी, बेईमानी, नशीले पदार्थो की तस्करी, मादक पदार्थ व नशीली दवाओं की बिक्री, चोरी की संपत्ति का लेन देन करने, जालसाजी करने, धमकी देने, कातिलाना हमला करने, हथियार से चोट पहुंचाने, व एससी एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट, व यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कई मामले जनपद व गैर जनपद में मामले दर्ज है।

### सेवानिवृत्त दरोगा को साथियों ने दी विदाई


थाना परिसर में पौधरोपण करते सेवानिवृत्त दरोगा। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** थाना पिसावां में तैनात दरोगा रविवार को सेवानिवृत्त हो गये। साथियों ने उन्हें विदाई दी। सेवानिवृत्त दरोगा धीरेंद्र सिंह ने थाना परिसर में एक बरगद का पौधा भी लगाया। वहीं विदाई के दौरान सभी साथियों ने दरोगा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह तोमर, एसआई अरविंद मिश्रा, एसआई दिवाकर प्रसाद मिश्रा सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### पूर्व प्रबंधक का निधन


रामस्वरूप पाण्डेय फाइल फोटो।

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कृषक इंटर कालेज महोली के पूर्व प्रवक्ता व कमला इंटर कॉलेज झरेखापुर के पूर्व प्रबंधक व समाजसेवी उल्जापुर गांव निवासी रामस्वरूप पाण्डेय का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे करीब 96 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रविवार को कमला इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया।

### ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय बच्ची को लगा करंट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजेंद्रनगर कालोनी में सात वर्षीय बालिका को घर पर ही ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय करंट लग गया, जिसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की दोपहर मोहल्ला राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी नूरेन घर पर ही ई रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहा था। पड़ोस की ही सात वर्षीय समा ई रिक्शा पर ही खेल रही थी। अचानक उसे बिजली का करंट लग गया। जिसे परिजन गंभीर हालत में उसे सीएचसी लाये। जहां प्राथमिक उपचार में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने समा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# टीम इंडिया के विश्व विजेता बनने पर जश्न

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** टी-20 टूर्नामेंट में भारत के विश्व विजेता बनने पर रविवार देर रात क्रिकेट प्रमियों ने नगर के शहर बाजार चौराहे से विभिन्न मार्गों पर तिरंगा रैली निकाली और जश्न मनाया।

नगर के शहर बाजार चौराहे से तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली क्षेत्र के मजाशाह चैराहा, केसरी गंज, तहसील मार्ग होते हुए बिसवां तिराहा गेट खत्रिराना चौराहा होते हुए शहर बाजार पर तिरंगा रैली का समापन किया गया। टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को सात रन से हराकर इतिहास रच दिया। रैली में प्रमुख रूप से दानिश सिराज, मीशम अब्बास, हारिस सिराज, चांद, विराट बाबू, काशिफ अंसारी, सलमान अंसारी, अल कैफ खां, सलमान लाला, जीशान खां, अजान, नवाब खां, वकार, आतिफ सहित बड़ली संख्या में लोग मौजूद रहे।


टीम इंडिया के विश्व कप जीतने पर तिरंगा रैली निकालते समर्थक।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** हर माह के अंतिम रविवार की भांति इस रविवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 111वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर सुना।

मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के पश्चात निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बताया कि आज चुनाव के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री ने हम सबसे अपील की है कि हम सबको एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जो एक विशेष अभियान की शुरुआत की है, हम सबको भी उसमे बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान उत्तम पांडे, अंकुर तिवारी, हीरा, अंबुज पांडे, सोनू सिंह, विनय राठौर आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट में तीन महिलाओं सहित चार घायल

**पसगवां।** थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों में मामूली विवाद में तीन महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। ग्राम सरौनिया निवासी ओमपाल सिंह की पत्नी पूनम को गांव की ही पंचाइन पत्नी हरिपाल सिंह, रीना पत्नी कमल सिंह, पुष्पा पत्नी अमर सिंह और कमल सिंह ने विवाद होने के कारण उसके दरवाजे पर पकड़ लिया। आरोप है कि उसकी चोटी पकड़ कर जमीन पर पटक कर लात घूसों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जिससे पूनम को गुम चोटें आई। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम नरदी में उधार सामान न देने पर दुकानदार गौरव की गांव के अनिल कुमार यादव ने डंडों से पिटाई कर दी। पुत्र को बचाने आई मां रामश्री को भी पीटा।

# नाले का पत्थर टूटने से हादसे की आशंका

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर की लखीमपुर रोड स्थित यूनियन बैंक के पास से विद्या निकेतन को जाने वाली सड़क पर नाले पर पड़ा पत्थर टूट जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी है। इसी रास्ते से होकर कल विद्यार्थी और शिक्षक भी स्कूल जाएंगे। लखीमपुर रोड से अर्जुन नगर कॉलोनी का वर्षा सहित मोहल्ले का पानी निकालने के लिए नगर पालिका परिषद ने बड़ा नाला बनवाया था। इस नाले में कई बार छुट्टा विचरण करने वाले पशु गिर गए, जिन्हें बड़ी मुश्किलों से बाहर निकाला गया। ऐसी घटनाओं पर विराम लगाने के लिए नगर पालिका परिषद ने सीमेंटेड पत्थर डलवाए। इसी नाले को पार कर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज और अर्जुन नगर कालोनी के लोग साइकिल, बाइक, ई रिक्शा आदि से निकलते हैं। नाले पर पड़ा पत्थर काफी दिनों से टूटा है, जिससे कोई भी हादसा हो सकता है।

पहली जुलाई सोमवार से विद्यालय में इसी मार्ग से होकर हजारों विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक, बाइक, ई रिक्शे आदि निकलेंगे, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। रात में मोहल्लेवासियों, राहगीरों को इस मार्ग पर निकलना दुर्घटना को दावत देना है। सुबह, शाम ट्यूशन जाने वाले विद्यार्थी और उनके अभिभावक दुर्घटना को लेकर चिंतित हैं, जिन्होंने शीघ्र ही पत्थर बदलवाने की मांग की है।

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एवन हॉस्पिटल
तहसीलदार आवास के सामने निघासन रोड, पलिया कलां खीरी।
हमारे यहां नॉर्मल डिलीवरी के साथ सभी प्रकार आपरेशन सुविधांए 24 घंटे उपलब्ध है।

जमील अहमद उर्फ़ पप्पू
डायरेक्टर- प्रधान
ग्राम पंचायत दौलतापुर खीरी।

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सफल हॉस्पिटल
एडमोंटन स्कूल के सामने दुधवा रोड, पलिया कलां खीरी।
हमारे यहां सेवाएं, 24×7 इमरजेंसी सेवा व एंबुलेंस सेवा, ICU की सुविधा, सभी प्रकार आपरेशन, नॉर्मल व ऑपरेशन डिलीवरी, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, चर्म रोग इलाज। विशेषगः बाल रोग, स्त्री रोग, गहन रोग, व हड्डी व जर्नल सर्जरी, हड्डी व जोड़ों के रोग संबधित इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. टी. वी. सिंह
मो0: 8468015949, 8303066724

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज मेडिकल स्टोर
महंगापुर खीरी।
हमारे यहां अंग्रेजी व देशी दवाओ के साथ जानवरों की दवाए उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

प्रो. नीरज कुमार पांडेय

सभी चिकित्सक व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पाल अल्ट्रासाउंड एंड हेल्थ केयर
मालगोदाम रोड, पलिया कलां।
पाल डिवाइन हॉस्पिटल, तहसीलदार आवास के पास निघासन रोड पलिया कलां खीरी।
हमारे यहां सभी प्रकार डिलीवरी व अल्ट्रासाउंड के साथ छोटे बड़े सभी प्रकार आपरेशन व सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध है।
समाज सेवी व सीनियर डॉ0 गौतम पाल, डॉ0 अनुपमा पाल व सीतापुर व बरेली अस्पताल रहे एमएस सीनियर सर्जन डॉक्टर, अनिल अग्रवाल, डॉ0 बी प्रसाद, एमडी ई होमियोपैथ।


## वर्ग पहेली-117

**बाएं से दाएं**

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



### वर्ग पहेली -116 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कॉ | | | 2 कू | | |
| ग | | 3 लू | ट | मा | र |
| ड़ी | | | नी | | |
| | | | ति | | 4 के |
| 5 बो | | 6 अ | क | थि | त |
| ग | | हिं | | | ली |
| 7 स | ह | सा | | | |

### सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 3 | | | 7 | | 8 |
| | | 2 | | 1 | | | 3 | 5 |
| | | 9 | | 6 | | | | 1 |
| 6 | 8 | | | | 4 | | | |
| 4 | | 3 | | | | 8 | | 2 |
| | | | 5 | | | | 1 | 6 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | |
| 7 | 5 | | | 4 | | 6 | | |
| 2 | | 4 | | | 9 | | | 7 |

### सुडोकू -29 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — दोपहर : 12.00
लोहा — रात : 09.00

&pictures
मि. इंडिया — सुबह : 10.24
सूर्यवंशी — रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2 — सुबह : 09.17
डंकिर्क — दोपहर : 03.03

ZEE CINEMA
कार्तिकेय 2 — सुबह : 11.22
आरआरआर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कादम्बन — सुबह : 10.04
बेटिंग राजा — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

### डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

### मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

# आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

## इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज


संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।


दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मेलन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

# केरल में गूगल मैप्स के भरोसे उफनती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल), एजेंसी

● वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण बची जान

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप्स का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए।

रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए गूगल मैप्स का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि गूगल मैप्स से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप्स एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप्स कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा-वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और बीच में एक पुल था।

# किसान का बेटा होने से उपराष्ट्रपति पद तक की नायडू की यात्रा प्रेरणादायी

हैदराबाद, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति के योगदान को किया याद
● 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर तीन पुस्तकों का किया विमोचन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी जीवन यात्रा पर आधारित तीन पुस्तकों का रविवार को विमोचन किया और आपातकाल के खिलाफ लड़ाई और केंद्रीय मंत्री तथा उपराष्ट्रपति के रूप में उनके योगदान को याद किया।

उन्होंने हाल में आपातकाल की 50वीं बरसी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि नायडू आपातकाल के खिलाफ लड़ाई के दौरान लगभग 17 महीने जेल में भी रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि देश के संविधान की छवि को धूमिल करके कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुस्तकों का विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला और उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि उनके समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को नायडू से सीखने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि किसान का बेटे होने से लेकर केंद्रीय मंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च पदों पर आसीन होने तक



नायडू का सफर कई अनुभवों से भरा है। कहा कि नायडू ने पार्टी में वरिष्ठ होने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला, क्योंकि वह गांवों, किसानों की सेवा करना चाहते थे। कहा कि शहरी विकास मंत्री रहे नायडू ने स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन शुरू करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने जिन पुस्तकों का विमोचन किया, उनमें वेंकैया नायडू-लाइफ इन सर्विस, सेलेब्रेटिंग भारत-द मिशन एंड मैसेज ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू एज थर्टीन्थ वाइस प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया' और तेलुगु में चित्र वृत्तांत महानेता-लाइफ एंड जर्नी ऑफ श्री एम वेंकैया नायडू शामिल हैं।

# एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

# कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता की धमकी पर रद

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड-अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में बस पलटने से नवजात बच्ची की मौत 30 से अधिक लोग घायल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में रविवार को एक बस के पलट जाने से एक नवजात बच्ची की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में लालखदान फ्लाईओवर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। बस बिलासपुर शहर से सारंगढ़ कस्बे की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। राहगीरों ने एक एंबुलेंस को भी मौके पर बुलाया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक नवजात बच्ची की मौत हो गई तथा घायलों को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सीआईएमएस) और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# नीट विवाद-अग्निपथ योजना पर संसद में आज हो सकती बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा



संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने पीटीआई-भाषा से कहा, "निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा।" बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

### अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने पीटीआई-भाषा से कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। कहा-हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

## आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।



समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

# ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683



नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

### सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

# दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

**स्पेक्ट्रम नीलामी**

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

### तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

**नई दिल्ली।** तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

# शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का



लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

